संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 159 शनिवार 12 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# तहव्वुर राणा को 18 दिन की हिरासत में भेजा गया

## एनआईए करेगी पूछताछ,खुलेंगे 26/11 की साजिश के राज



**नई दिल्ली,11 अप्रैल 2025 (ए)।** मुंबई हमले का मास्टर माइंड तहव्वुर राणा आखिरकार भारत लाया गया और अब पूछताछ में 26/11 की साजिश को लेकर कई राज अब खुलेंगे। एनआईए ने राणा को रिमांड पर लेने के लिए पटियाला हाईकोर्ट में पेश किया था। इस दौरान कोर्ट ने राणा को 18 दिनों की न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया है। अब नेशनल इवेस्टिगेशन एजेंसी उससे पूछताछ करेगी। आतंकी राणा को सीजीओ कॉम्प्लेक्स में आतंकवाद रोधी एजेंसी के हेडक्वार्टर के अंदर एक हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाएगा।

### एनआईए करेगी तहव्वुर राणा से पूछताछ

मुंबई में 26/11 के आतंकी तहव्वुर राणा को पटियाला हाईकोर्ट के आदेश पर पूछताछ के लिए एनआईए के सुपर्द कर दिया गया है। यहां 18 दिन टीम उससे पूछताछ करेगी। मुंबई हमले के आरोपी राणा को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया था।

### 26/11 हमलों से जुड़ी जानकारियां जुटाएगी एनआईए


अमेरिका से भारत लाए गए मुंबई हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा से पूछताछ में कई राज से पर्दाफाश हो जाएगा। मुंबई हमले के पीछे और कौन-कौन जुड़ा है इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस साजिश में पाकिस्तान का हाथ है या नहीं ये भी स्पष्ट तौर पर पता चल जाएगा। 2008 में हुए हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 238 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### एनआईए ने मांगी थी कोर्ट से 20 दिन की रिमांड

नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी ने पटियाला की स्पेशल कोर्ट से आतंकी तहव्वुर राणा से पूछताछ के लिए 20 दिन की रिमांड की पेशकश की थी, लेकिन टीम को 18 दिन की रिमांड मंजूर की है। 18 दिन पूछताछ के बाद एजेंसी को फिर से राणा को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## आतंकी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर क्या बोले कपिल सिब्बल ?

### एनआईए को लेकर यूपीए सरकार की कर दी तारीफ



आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की गिरफ्तारी के बाद सीनियर नेता कपिल सिब्बल की प्रतिक्रिया सामने आई है। सिब्बल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी का गठन मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों का नतीजा था। उन्होंने कहा कि केंद्रीय आतंकवाद निरोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी की स्थापना यूपीए सरकार (कांग्रेस सरकार) के दौरान ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए की गई थी।

## तहव्वुर राणा को भरे चौक में फांसी देने की मांग

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई में साल 2008 में हुए आतंकी हमले के एक बड़े आरोपी



तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित कर लिया गया है। राणा को विशेष विमान के जरिए गुरुवार को अमेरिका से भारत लाया है। उसके प्रत्यर्पण को भारत की बड़ी जीत बताया जा रहा है। तहव्वुर राणा को एनआईए की कस्टडी में रखा गया है। वहीं, अब तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर राजनीतिक दलों का रिएक्शन भी सामने आ रहा है। इसी क्रम में शिवसेना यूबीटी के नेता और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने तहव्वुर राणा को भरे चौक में फांसी देने की मांग की है।

## महत्वपूर्ण खबर

### पीएम मोदी ने काशी को दी सौगात



**वाराणसी,11 अप्रैल 2025(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने 3884.18 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। साथ ही तीन बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि जो लोग सत्ता हथियाने के लिए दिन-रात खेल खेलते रहते हैं,उनका सिद्धांत है, परिवार का साथ-परिवार का विकास।

### बिहार चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी पर लटकाएगी सरकारःसंजय राउत



**मुंबई ,11 अप्रैल 2025(ए)।** शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को लेकर गुरुवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार राणा को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान फांसी पर लटका देगी। संजय राउत ने कहा कि राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए, लेकिन सरकार उसे बिहार चुनाव के दौरान फांसी पर लटकाएगी।

### आंधी-बारिश और बिजली गिरने से गई 80 लोगों की जान



**पटना,11 अप्रैल 2025(ए)।** बिहार में आई आंधी-बारिश और आकाशीय बिजली गिरने के कारण विभिन्न जिलों में अब तक 80 लोगों की जान चली गई है। इसके अलावा, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। बिहार सरकार में आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए आईएएनएस को बताया कि जिन लोगों की जान गई है, हम उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले 48 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 80 लोगों की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुआवजे का भी ऐलान किया है, सभी मृतकों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, जिन किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है,सरकार की तरफ से उनकी मदद की जाएगी।

## ईडी के मौलिक अधिकार हैं तो उसे लोगों के अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिएःसुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,11 अप्रैल 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले के मामले को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर नाराजगी जताई और कहा कि एजेंसी को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने एजेंसी से पूछा कि उसने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका कैसे दायर की। संविधान का अनुच्छेद 32 'संवैधानिक उपचार के अधिकार' की गारंटी देता है, जो व्यक्तियों को उनके मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए उच्चतम न्यायालय से निवारण का अनुरोध करने का अधिकार देता है,जिससे उन्हें इन अधिकारों के प्रवर्तन के लिए सीधे अदालत का दरवाजा खटखटाने की अनुमति मिलती है।

### याचिका वापस लेने की अनुमति

पीठ की टिप्पणी के बाद, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और कहा, ''ईडी के भी मौलिक अधिकार हैं।'' पीठ ने कहा, ''हल्के-फुल्के अंदाज में कहें तो, अगर ईडी के मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए।'' इसके बाद अदालत ने राजू को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल दावा किया था कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ने छत्तीसगढ़ में मामले में उन्हें दी गई अग्रिम जमानत का दुरुपयोग किया है। जांच एजेंसी ने हाल में चौंकाने वाला दावा किया कि छत्तीसगढ़ के कुछ संवैधानिक पदाधिकारी करोड़ों रुपये के कथित 'एनएएन' घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कुछ आरोपियों को न्यायिक राहत दिलाने के लिए उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के संपर्क में थे। पीएमएलए मामले को छत्तीसगढ़ से बाहर स्थानांतरित करने की मांग के अलावा ईडी ने धन शोधन मामले में कुछ 'हाई-प्रोफाइल' आरोपियों को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने की भी अपील की। ईडी ने 2019 में नागरिक आपूर्ति घोटाले में छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी तथा आरोपपत्र के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज की थी।

### फरवरी 2015 में पड़े थे छापे

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में कथित घोटाला तब सामने आया जब राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने फरवरी 2015 में पीडीएस प्रणाली के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने वाली नोडल एजेंसी एनएएन के कुछ कार्यालयों पर छापा मारा और 3.64 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त की। छापे के दौरान एकत्र किए गए चावल और नमक के कई नमूनों की गुणवत्ता की जांच की गई और दावा किया गया कि वे घटिया और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त हैं। टुटेजा जब एनएएन के अध्यक्ष थे, तब शुक्ला प्रबंध निदेशक थे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला



**प्रयागराज,11 अप्रैल 2025 (ए)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दो अलग-अलग धर्मों के पुरुष और महिला के बिना शादी एकसाथ रहने के मामले में अहम फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर दोनों बालिग हैं तो वे बिना शादी किए भी साथ रह सकते हैं। संविधान भी उन्हें यह अधिकार देता है। यह फैसला न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की पीठ ने सुनाया है। मामला एक डेढ़ साल की बच्ची से जुड़ा है, जो इसी दंपति की संतान है. उसी की तरफ से याचिका डाली गई थी।

## ठगी का शिकार हुआ बुजुर्ग,1 करोड़ का चूना लगा



**नोएडा,11 अप्रैल 2025(ए)।** दिल्ली से सटे यूपी के नोएडा में ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शेयर बाजार में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने 61 साल के बुजुर्ग से 1 करोड़ रुपये की ठगी कर ली।यह मामला नोएडा के सेक्टर-77 में रहने वाले शीतल कुमार के साथ घटित हुआ है।

## आगरा की शाही जामा मस्जिद में जानवर का कटा सिर फेंका

### इलाके में तनाव;बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात



**आगरा,11 अप्रैल 2025(ए)।** आगरा की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद परिसर में शुक्रवार सुबह उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब वहां एक जानवर का कटा हुआ सिर फेंका मिला। इस घटना से मुस्लिम समुदाय के लोगों में भारी गुस्सा है। फज्र की नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे लोगों ने जब यह देखा, तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीसीपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इलाके में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस ने तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी है। मस्जिद परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। मस्जिद के एक सीसीटीवी कैमरे में एक युवक जानवर का सिर ले जाते हुए दिखाई दिया है। फुटेज में दिख रहा है कि युवक ने अपने चेहरे को रुमाल से ढक रखा था, ताकि उसकी पहचान न हो सके।पुलिस इस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की पहचान करने और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है।



## चारधाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से

**हरिद्वार,11 अप्रैल 2025(ए)।** उत्तराखंड की विश्व विख्यात चारधाम यात्रा इस वर्ष 30 अप्रैल से शुरू होने वाली है। हर वर्ष की तरह इस बार भी गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। यात्रा को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए परिवहन विभाग ने चारधाम यात्रा के लिए एक विस्तृत दिशा-निर्देश (एडवाइजरी) जारी किया है, जिसमें यात्रा मार्गों पर वाहनों के संचालन से लेकर चालकों के लिए विशेष नियम शामिल हैं।परिवहन विभाग की एडवाइजरी के मुताबिक, पर्वतीय मार्गों पर रात के समय व्यवसायिक वाहनों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक चारधाम यात्रा मार्गों पर कोई भी व्यवसायिक वाहन नहीं चलाया जा सकेगा। यह फैसला पहाड़ी रास्तों पर रात में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

## शर्ट के बटन खोलकर अदालत में पेश हुए थे वकील साहब

### अब कोर्ट ने दी छह महीने की जेल और 2000 जुर्माना भी लगाया



**लखनऊ,11 अप्रैल 2025 (ए)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्थानीय वकील अशोक पांडे को 2021 के न्यायालय की अवमानना मामले में छह महीने जेल की सज़ा सुनाई है। यह सज़ा उस घटना से उपजी है जिसमें पांडे बिना वकील की पोशाक के और अपनी शर्ट के बटन खोलकर में पेश हुए थे। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति बी.आर. सिंह की खंडपीठ ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि अपराध की गंभीरता, पांडे के पिछले आचरण और कानूनी प्रक्रिया में शामिल होने से इनकार करने के कारण उसे कड़ी सजा दी जानी चाहिए। वकील पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न चुकाने पर उसे एक महीने की अतिरिक्त जेल भी होगी। पांडे को लखनऊ में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है।

कोर्ट ने कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पांडे को इलाहाबाद हाईकोर्ट और उसकी लखनऊ बेंच में वकालत करने से क्यों न रोक दिया जाए। उन्हें 1 मई तक जवाब देने को कहा गया है।

## तमिलनाडु चुनाव से पहले बीजेपी एआईएडीएमके गठबंधन का ऐलान



**नई दिल्ली,11 अप्रैल 2025 (ए)।** तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच गठबंधन की आधिकारिक घोषणा हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में आयोजित एक बैठक के बाद इस गठबंधन का ऐलान किया।

## हनुमान जंयती पर 57 साल बाद बन रहा दुर्लभ संयोग

### आज देशभर में हनुमान जंयती की रहेगी धूम

**नई दिल्ली,11 अप्रैल 2025 (ए)।** आज यानि 12 अप्रैल को देशभर में हनुमान जंयती का पर्व मनाया जाएगा। बता दें कि, इस साल हनुमान जयंती पर भद्रा का साया रहेगा। साथ ही 57 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। इससे पहले ऐसा शुभ संयोग साल 1968 में बना था। दरअसल, मीन राशि में ग्रहों का महा संयोग बन रहा है, जिससे पंचग्रही राजयोग का निर्माण हो रहा है। मीन राशि में बुध,शुक्र, शनि,राहु और सूर्य विराजमान रहेंगे। इसके साथ ही मीन राशि में बुधादित्य, शुक्रादित्य,लक्ष्मी नारायण और मालव्य राजयोग का निर्माण हो रहा है।



### मेष राशि

हनुमान जंयती पर 57 साल बाद बन रहे दुर्लभ संयोग से मेष राशि वाले जातकों के जीवन में सुख और सौभाग्य की वृद्धि होगी। कोई नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। हनुमान जी की कृपा से बिजनस में खूब सफलता मिलने वाली है। साथ ही जीवन से परेशानियां भी दूर होंगी।

### तुला राशि

हनुमान जयंती पर 57 साल बाद बन रहे दुर्लभ संयोग से तुला राशि वालों की किस्मत चमकने वाली है। जातकों को भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिलेगा। पुराने निवेश से भी लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ता और भी मजबूत होगा।

### कुंभ राशि

हनुमान जयंती पर 57 साल बाद बन रहे दुर्लभ संयोग से कुंभ राशि वालों के जीवन में नई ऊर्जा,साहस और सफलता मिलेगा। आप हर चुनौती का डटकर सामना करेंगे। जातकों को अच्छा मुनाफा कमाने के मौके मिलेंगे। युवाओं को नई नौकरी मिल सकती है।

## संपादकीय

# अदालत की आत्मा को लगा झटका

उप्र के इलाहाबाद में बुलडोजर से घर ढहाने को सुप्रीम कोर्ट ने अमानवीय और अवैध करार देते हुए कहा कि इससे अदालत की आत्मा को झटका लगा है। उप्र सरकार को प्रत्येक परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने के साथ अधिकारियों को उनकी अत्याचारिता के लिए सबक सिखाने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि इस देश में आश्रय का अधिकार, कानून की उचित प्रक्रिया और कानून का शासन जैसी कोई चीज है। आवासीय परिसरों को मनमाने तरीके से ध्वस्त करने पर विकास अधिकारियों को यह याद रखने को कहा कि आश्रय का अधिकार मौलिक अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 21(जीवन व स्वतंत्रता) का अभिन्न अंग है। सभी छह याचिकाकर्ता इलाहाबाद के लूकरगंज के निवासी हैं जिनके घर मार्च, 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त किए गए थे।उनका कहना है कि स्थानीय अधिकारियों ने गलत धारणाओं के आधार पर घर गिराया कि वे माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की संपत्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने अंबेडकरनगर जिले में बुलडोजर कार्रवाई का भी हवाला दिया। झोपड़ियों को ध्वस्त किए जाने पर कहा कि वह बहुत परेशान करने वाला और चौंकाने वाला है। उप्र सरकार के वकील ने दलील दी कि ये मकान अवैध थे इसलिए ध्वस्त किए गए। इनके साथ अन्य संपत्तियां भी ढहाई गई। हैरत है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तोड़-फोड़ की इस कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। राज्य सरकार का दावा था कि बुलडोजर कार्रवाई पेशेवर अपराधियों और माफिया के खिलाफ की गई।इस हकीकत के बावजूद सरकारी तंत्र को उचित नोटिस देने के साथ ही रहवासियों को कागजात दिखाने और मालिकाना साबित करने का वक्त देना चाहिए था। रही बात अवैध कब्जों की तो यह राज्य सरकारों का जिम्मा है कि वे निकाय और स्थानीय विकास अधिकारियों को इतने मुस्तैद बनाएं कि वे कब्जा पक्का करने से पूर्व ही हरकत में आएं। भू-माफिया और सरकारी मिली-भगत के बगैर कोई कब्जा संभव नहीं है।बुलडोजर चलाना समस्या का हल नहीं कहा जा सकता। सरकार को अपनी लापरवाहियों और गैर-जिम्मेदाराना रवैये से सबक लेना चाहिए। इस तरह की कार्रवाइयां बगैर सरकार के इशारे के अधिकारी नहीं कर सकते। इसलिए असली लताड़ तो सरकार को ही लगानी चाहिए। जनता से जीने का अधिकार छीनने का नतीजा भुगतने को उसे भी तैयार रहना होगा।

# प्राइवेट सिस्टम का खेल:आम आदमी की जेब पर हमला



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

**भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार आज निजी संस्थानों के लिए मुनाफे का जरिया बन चुके हैं। प्राइवेट स्कूल सुविधाओं की आड़ में अभिभावकों से मनमाने शुल्क वसूलते हैं–ड्रेस, किताबें, यूनिफॉर्म, कोचिंग–सब कुछ महँगा और अनिवार्य बना दिया गया है। वहीं, प्राइवेट हॉस्पिटल डर और भ्रम का माहौल बनाकर मरीजों से मोटी रकम वसूलते हैं। सामान्य बीमारी को गंभीर बताकर महंगी जांच, दवाइयाँ और भर्ती का दबाव बनाया जाता है। इन संस्थानों के पीछे राजनीतिक संरक्षण है, जिस कारण कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। सबसे अधिक संकट में मध्यम वर्ग है,**

**जिसे न सरकारी सेवाओं पर भरोसा है,न प्राइवेट सिस्टम से राहत। यह एक चेतावनी है कि यदि जनता ने अब भी आवाज़ नहीं उठाई, तो शिक्षा और स्वास्थ्य सिर्फ विशेषाधिकार बनकर रह जाएंगे...**



भारत एक ऐसा देश है जहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है।

### शिक्षा या व्यापार?

प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन,एडमिशन फीस,एनुअल चार्जेस,ड्रेस,किताबें,जूते,बस फीस ङ्क हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। किताबें स्कूल के किसी 'अधिकृत वेंडर' से ही खरीदनी होती हैं, जिनका मूल्य बाज़ार दर से दोगुना होता है क्योंकि उसमें स्कूल का कमीशन जुड़ा होता है। स्कूल यूनिफॉर्म भी उन्हीं से लेनी पड़ती है, जो आम बाजार में मिलती ही नहीं।

यह सब इसलिए नहीं कि अभिभावक इन सुविधाओं की मांग करते हैं,बल्कि इसलिए क्योंकि स्कूलों ने इसे 'अनिवार्य' बना दिया है। पढ़ाई नाम की चीज अब कक्षा में कम और कोचिंग संस्थानों में ज्यादा होती है और दिलचस्प बात ये है कि उन कोचिंग संस्थानों के मालिक भी कई बार उन्हीं स्कूल संचालकों से जुड़े होते हैं। बच्चा दिनभर स्कूल, फिर कोचिंग, फिर होमवर्क, और फिर ट्यूशन खुद के लिए ना समय, ना सोच, ना बचपन।

इन सबका उद्देश्य एक ही होता है 99 प्रतिशत लाओ। और जब ये नंबर नहीं आते, तो बच्चे हीन भावना से ग्रस्त हो जाते हैं। अभिभावक दूसरों के बच्चों से तुलना करने लगते हैं, और ये पूरी प्रक्रिया मानसिक उत्पीड़न में बदल जाती है।

### स्वास्थ्य का नाम, व्यापार का काम

अब अगर शिक्षा में ये स्थिति है, तो स्वास्थ्य क्षेत्र उससे भी भयावह है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स का ढांचा अब इलाज से ज्यादा 'कमाई' पर केंद्रित हो गया है। अस्पताल में घुसते ही 'पर्ची' कटती है, फिर तरह-तरह की जाँचें, महंगी दवाइयाँ, ड्रिप्स, और 'एडवांस पेमेंट' की माँग और वो भी बिना यह बताए कि मरीज़ की स्थिति क्या है। सामान्य सर्दी-खांसी या बुखार को भी डॉक्टर ऐसा बताते हैं मानो जीवन संकट में हो। डर दिखाकर लोगों को लंबी दवाओं और भर्ती की सलाह दी जाती है। मरीज़ ठीक भी हो जाए, तब भी बिल देखकर परिवार बीमार हो जाता है। जो दवा बाहर 10 रुपए में मिलती है, वही अस्पताल के बिल में 200 से 300 रुपए की होती है।

यहाँ तक कि मौत के बाद भी लाश को एक-दो दिन रोककर मर्चुरी चार्जेस, फ्रीजर चार्जेस आदि के नाम पर अंतिम सांस तक पैसा वसूला जाता है। यह एक क्रूर मजाक है उस परिवार के साथ जो पहले ही अपनों को खो चुका होता है।

### सरकार की चुप्पी क्यों?

इस लूट का सबसे दुखद पहलू यह है कि यह सब किसी को छिपकर नहीं करना पड़ता सब कुछ खुलेआम होता है। अखबार, सोशल मीडिया, न्यूज चैनल हर जगह यह मुद्दा उठता है। हर साल प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ोतरी और हॉस्पिटल बिलों पर शोर होता है, लेकिन हर बार यह शोर धीरे-धीरे दबा दिया जाता है।

क्यों? क्योंकि अधिकतर प्राइवेट स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल इन सबके पीछे किसी ना किसी नेता का हाथ होता है। चाहे वह सत्ता पक्ष का हो या विपक्ष का सिस्टम में बैठे अधिकतर लोग कहीं ना कहीं इस खेल में हिस्सेदार होते हैं। नियम-कानून बनते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं होता।

आरटीई (शिक्षा का अधिकार कानून),सीजीएचएस (स्वास्थ्य सुविधा योजना),नैशनल मेडिकल काउंसिल ये सब नाम भर हैं, जिनका प्रयोग प्रचार में होता है, न कि आम आदमी को राहत देने में।

### मध्यम वर्ग की त्रासदी

गरीबों के लिए सरकार कभी-कभी योजनाएँ बना देती है,अमीरों को कोई चिंता नहीं, लेकिन सबसे ज्यादा पिसता है मध्यम वर्ग। न उसे सरकारी स्कूल में भेजना गवारा होता है, न सरकारी अस्पताल में जाना। मजबूरी में वह प्राइवेट विकल्प चुनता है, और फिर उसी जाल में फँस जाता है एक ऐसा जाल जिसमें

**न कोई नियंत्रण है,**
**न कोई जवाबदेही...**

मध्यम वर्ग न तो सड़क पर उतरता है, न ही आंदोलन करता है। वह हर महीने अपनी जेब काटकर ईएमआई देता है, स्कूल की फीस चुकाता है, हॉस्पिटल के बिल भरता है, और बस यही सोचता है और कोई रास्ता भी तो नहीं है।

### समाधान की संभावनाएँ

अगर वास्तव में इस समस्या से निपटना है,तो कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। निजी संस्थानों की पारदर्शिता स्कूलों और अस्पतालों को अपने शुल्क और सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक रूप से वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर लगानी चाहिए। एक स्वतंत्र नियामक संस्था होनी चाहिए जो फीस और सेवा की गुणवत्ता की निगरानी करे। एक ऐसी प्रणाली जहां आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसका समाधान समयबद्ध तरीके से हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या उनके परिवार का हित इन संस्थानों से ना जुड़ा हो। जब तक आम जनता एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएगी, तब तक यह लूट का सिलसिला चलता रहेगा।

शिक्षा और स्वास्थ्य कोई 'सेवा' नहीं रह गई है यह अब एक 'सर्विस' है,जिसका मूल्य तय होता है आपकी जेब देखकर। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील और लोकतांत्रिक समाज के लिए शर्मनाक है। जब तक हम खुद नहीं जागेंगे, आवाज नहीं उठाएंगे, और सिस्टम से जवाबदेही नहीं माँगेंगे ङ्क तब तक यह प्राइवेट सिस्टम हमें ऐसे ही लूटता रहेगा।

हमें यह समझना होगा कि दिखावे की दौड़ में शामिल होकर हम अपने बच्चों का बचपन, अपने परिवार की शांति, और अपने भविष्य की स्थिरता दाँव पर लगा रहे हैं। यह समय है सवाल पूछने का, व्यवस्था को आईना दिखाने का वरना जेब तो जाएगी ही, आत्मसम्मान भी खो जाएगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना


# कभी था नक्सलगढ़,अब बन रहा विकास का गढ़

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी सीमावर्ती इलाके जिनकी पहचान कभी नक्सलियों के गढ़ के रूप में हुआ करती थी, अब वह तेजी से विकास के गढ़ के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। बस्तर के कैनवास पर अब एक नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है। यह राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़-संकल्प के चलते संभव हो पाया है राज्य के घोर नक्सल प्रभावित जिलों में विकास की नई रेखाएं खींच रही हैं। कभी पिछड़ेपन और भय का पर्याय माने जाने बस्तर क्षेत्र में आज विकास की नई इबारतें लिखी जा रही हैं। विष्णु देव सरकार की जनहितैषी नीति, नक्सलवाद उन्मूलन अभियान और समग्र विकास ने इन क्षेत्रों में सकारात्मक और परिणाममूलक परिवर्तन की शुरुआत कर दी है।राज्य के सात घोर नक्सल प्रभावित जिलों में से छह जिले कांकेर, बस्तर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर बस्तर संभाग के अंतर्गत आते हैं तथा एक जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी दुर्ग संभाग का हिस्सा है। इन जिलों में पिछले 15 महीनों में नक्सल उन्मूलन अभियान और विकास की रणनीति को समानांतर रूप से लागू करते हुए, छत्तीसगढ़ सरकार ने नक्सलियों के पैर उखाडने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं की बदौलत अब आमजनता तेजी से विकास मुख्यधारा से जुड़ रही है। शासन-प्रशासन की सक्रियता, जनसंपर्क और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से अब इन क्षेत्रों में विश्वास और उम्मीद की नई किरण दिखाई दे रही है। इन जिलों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बड़ी तेजी से उपलब्ध कराई गई हैं। योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित पहुंचाने का प्रयास भी लगातार जारी है।मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना,पीएम जनमन,आयुष्मान भारत,पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसी योजनाओं से न केवल इन क्षेत्रों में सरकारी उपस्थिति मजबूत हुई है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी आमजन का सशक्तिकरण हुआ है। मनरेगा के तहत 29,000 नए जॉब कार्ड जारी हुए हैं, जिनमें 5,000 कार्ड नियद नेल्ला नार योजना में शामिल गांवों में बने हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना में सातों जिलों में लगभग एक लाख आवास स्वीकृत हुए हैं, जो लक्ष्य का 107 प्रतिशत है। 15 महीनों में नियद नेल्ला नार के गांवों में 1100 आवास स्वीकृत हुए, जिसमें 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की संख्या 19.24 लाख से बढ़कर 21.05 लाख हो गई है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वितों की संख्या में 20.12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 3.61 लाख से अधिक हो चुकी है।छत्तीसगढ़ सरकार की पहल से नक्सल प्रभावित जिलों में 46 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं, जिनके दायरे में आने वाले 145 गांवों में नियद नेल्ला नार' योजना चलाई जा रही है। इन गांवों में विशेष शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। नियद नेल्ला नार योजना के 124 गांव सड़क मार्ग से जुड़ चुके हैं, शेष 31 पर कार्य प्रगति पर है। 145 गांवों में मार्च 2024 तक 122 स्कूल क्रियाशील थे, जो अब बढ़कर 144 हो गए हैं। विद्यार्थियों की संख्या में 20 प्रतिशत वृद्धि हुई है। क्रियाशील आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 193 से बढ़कर 202 हो गई है, और पंजीकृत बच्चों की संख्या में 30 प्रतिशत का इज़ाफ़ा हुआ है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के अंतर्गत बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कांकेर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 1302 कार्य योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 308 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 999 कार्य प्रगति पर हैं।



–नसीम अहमद खान–

# दूसरी औरत (लेख)



पूनम शर्मा स्नेहिल
गोरखपुर उत्तर



शब्द बहुत छोटा सा है परंतु किसी की जिंदगी को तहस-नहस करने के लिए पर्याप्त है। माना हर रिश्ते की बुनियाद, भावनाएं ,अहसास, और मनोंदशा पर निर्भर होती है। परंतु इंसान और जानवर के बीच फर्क बनाने के लिए ही कुछ नियम कायदे कानूनों की व्यवस्था की गई है यह व्यवस्था आम नागरिकों के लिए नहीं अपितु उनके लिए की गई है जो अक्सर करके इन मर्यादाओं का उल्लंघन करते हैं। आपने किसी को भी यहां जिंदगी प्रदान नहीं की है।

सिवाय अपनी संतान के। संतान को भी जन्म एक मां ने दिया है। जो कभी भी उसका अहित करना नहीं चाहती। सिर्फ चंद मिनट के सुखद एहसास के लिए किसी की जिंदगी में जहर घोलकर उसकी जिंदगी के सुखों को तहस-नहस करने से पहले यह आवश्यक सोचें की अगर आप उसकी जगह पर होते और वह यह कार्य कर रही होती तो क्या आपको उचित लगता। यह उचित और अनुचित कहने में बड़े छोटे से शब्द है पर सही मायने में उनके अर्थ को अगर समझा जाए तो शायद कोई किसी के साथ कभी कोई अहित कार्य करे ही न। इंसान जहां से खुद खड़ा होता है उस जगह से दुनिया को देखने का नजरिया उसका बिल्कुल अलग होता है। लेकिन अगर वही जब दुनिया की भीड़ में खड़ा होता है तो उसका नजरिया तुरंत ही परिवर्तित होकर कुछ और हो जाता है। यह परिवर्तन इस बात का साक्ष्य है कि आप का नजरिया पक्षपात लिए हुए हैं। पक्षपात में रहकर लिया गया कोई भी निर्णय कभी भी उचित नहीं होता । आज नहीं तो कल उसके दुष्परिणाम हमारे सामने देखने को अवश्य ही मिल जाते हैं। न जाने समाज में कितने ही रिश्तों के बीच में यह शब्द दूसरी औरत जाकर ठहर सा गया है।

चंद शब्दों में कहूं तो एहसास की कहानी, मुहब्बत की कहानी, जज्बातों की कहानी। कभी 16-18 वर्ष की उम्र में उमड़ते जज्बात। तो कभी 40-50की परंतु दोनों ही सूरत में यह गलत है। 16- 18 वर्ष की उम्र में नासमझी का दौर होता है। यहां यह बात कही जा सकती है कि बच्चों में समझ की कमी थी।

परंतु यही कार्य अगर 40-50 की उम्र में आने के बाद भी दोहराए जाते हैं तो वास्तविकता में कहीं ना कहीं आप इंसान होकर भी इंसान की प्रवृत्ति से हटकर कार्य कर रहे हैं। किसी के लिए किसी के मन में किसी खास भावना का उत्पन्न होना कोई गुनाह नहीं है। परंतु उन भावनाओं के मध्य विवश होकर किसी की हंसती खेलती जिंदगी की खुशियों को तबाह कर अपने लिए खुशियाँ ढूंढना गुनाह है।

मानव के भीतर मानवता का होना अति आवश्यक है। सामने वाले के लिए नहीं अपितु खुद के लिए।

एक कहावत बड़े बुजुर्ग कह गए हैं = जब तक अपना हाथ नहीं जलता तब तक हमें दर्द का एहसास नहीं होता । दूसरों का दर्द देखकर सांत्वना देना एक अलग बात होती है। उस दर्द उस तकलीफ की शायद हम में से अधिकतर लोग कल्पना भी नहीं कर सकते । जिस दर्द से कुछ परिवार की कुछ औरतें, कुछ रिश्ते आए दिन दो चार होते रहते हैं। ऐसा सुकून ऐसा मानसिक या शारीरिक सुख किस काम का जिसने किसी की जिंदगी को तहस-नहस कर दिया हो। आवश्यकता है एक बार सोचने की। क्योंकि परिवर्तन स्वयं के भीतर करना है। दुनिया को नहीं बदलना। किसी भी चीज का परिवर्तन सबसे पहले अपने भीतर आवश्यक होता है । दुनियाँ अपने आप परिवर्तित हो जाएगी।

### कविता
### पवित्र पैसा

घटती-घटना



चंद्रकांत खूंटे
जांजगीर,चांपा
छत्तीसगढ़

चौक में एक चर्चा चल रही थी
सबके मुँह में उछल रही थी
सब दे रहे थे तरह-तरह के दलील
कोई उदाहरण में कर तब्दील।
कोई कहते सरिता की धारा को
प्राण देती जीवन अधारा को
मोक्षदायिनी अतुल अनिमेष
जननी स्वरूप चारु भेष।
एक ने कहा महान आत्मा को
दुर्गुणों के करने वाले खात्मा को
जिसने सोंचा जनहित के बारे में
उत्कृष्ट कार्य देश न्यारे में।
तभी बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा धाम को
जहाँ विराजे ख्याति-ख्याति नाम को
जहाँ पहुँचते देश के कोने-कोने से
अति दुर्लभ ठौर होने से।
सबके विचार को मैं सुनता रहा
देते उद्धरण को बार-बार गुनता रहा
फिर चिंतन-मनन कर मैनें भी कहा
पवित्र तो पैसा है, जो हर ठौर बहा।
शौचालय हो या मदिरालय
मंदिर-मस्जिद हो या अनाथालय
यह किसी में भेदभाव नही करता
मैले-पावन हर स्थलों में बगरता।।

# सिनेमा को नई दिशा देता हरियाणा सिने फाउंडेशन



सुशील कुमार 'नवीन',
हिसार, हरियाणा

कोरोना काल के बाद सोशल मीडिया का प्रयोग बहुत तेजी से बढ़ा है। केवलमात्र मनोरंजन के उद्देश्य से शुरू हुआ यह प्रयोग आज एक बहुत बड़ा व्यवसायिक रूप धारण कर चुका है। क्या नेता,क्या अभिनेता, क्या गायक, क्या संगीतकार सब अपने आप को इसकी गिरफ्त से बचा नहीं पाये हैं। दुनिया भर के लोग इसके माध्यम से अपनी छुपी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहे हैं। अब इसका सदुपयोग कैसे हो? इसका लाभ सकारात्मक दिशा में किस तरह बढ़े? क्रिएटिववीटी में इसका सार्थक और सही प्रयोग किस प्रकार हो? इस बारे में सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हुई। ऐसे समय में जब सब निराशा और भय के माहौल में थे। उनमें नए उत्साह और जोश का संचार करने के उद्देश्य से सिने फाउंडेशन हरियाणा ने पहल की। ऑनलाइन माध्यम से ही छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देने के लिए मंच प्रदान किया। ऑनलाइन ही प्रशिक्षण दिए गए। परिणाम बेहतर रहे तो आयोजनों को और भव्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए। जो साल दर साल और प्रगति की राह की ओर अग्रसर है।

सिने फाउंडेशन के इन महोत्सवों में अभिनेता राजकुमार राव, रणदीप हुडा, अभिनेत्री ईशा गुप्ता से लेकर पंजाबी गायक दलेर मेहंदी, पम्मी बाई, पटकथा लेखिका अद्वैत काला, प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक चंद्र प्रकाश द्विवेदी, विवेक रंजन अग्निहोत्री (कश्मीर फाइल फ्रेम),सुदीपो सेन (केरला स्टोरी) आदि शिरकत कर चुके हैं। इसके अलावा पदमश्री महावीर गुड्डू,अतुल गंगवार, मनीष सैनी, अमृत राय,दीपक दुआ, राजीव भाटिया,संदीप शर्मा, जोशी मलंग, विनय सिंघल, संदीप भूतोडिया,विपुल अमृतलाल शाह, अमिताभ वर्मा ,अनूप लाठर, महासिंह पूनिया आदि ने भी लगातार इन महोत्सवों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। हरियाणवीं संस्कार और संस्कृति के संरक्षण और हरियाणा के गौरवशाली इतिहास को दुनिया के सामने लाने के लिए सिने फाउंडेशन हरियाणा (विश्व संवाद केंद्र) द्वारा शुरू किए गए इस तरह के प्रयास रंग अब लाने लगे हैं। बीते पांच वर्षों में 28 से अधिक विभिन्न संस्थानों में 58 प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से 8200 छात्रों को न केवल सिनेमा क्षेत्र में कार्य के लिए प्रशिक्षित किया गया है,अपितु उन्हें उनकी प्रतिभा को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने के लिए एक बेहतरीन मंच भी प्रदान किया गया है। अब तक तीन बड़े हरियाणा फिल्म महोत्सव के माध्यम से तीन सौ से अधिक लघु फिल्मों, वृतचित्र (डाक्यूमेंट्री), रील को लाखों लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा चुका है।

भारतीय चित्र साधना और विश्व संवाद केंद्र के साथ सिने फाउंडेशन द्वारा पिछले सात वर्षों से हरियाणा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्थापना की शुरुआत से ही सिने फाउंडेशन का आयोजन के प्रति उद्देश्य सीधी तरह से साफ है। इसके तहत हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, संस्कार-संस्कृति से जुड़े विषयों को प्रमुखता दी जा रही है। सिने फाउंडेशन का मानना है कि समाज और राष्ट्र को सही दिशा और पहचान युवा वर्ग ही दे सकते हैं। प्रतिभाओं की देश में कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया आज क्रिएटिव सोच रखने वालों से भरा पड़ा है। ऐसे में इनकी क्रिएटिविटी का प्रयोग समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए सकारात्मक रूप से किया जा सकता है।फाउंडेशन इसी सोच के साथ नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर युवाओं को शॉर्ट मूवी, एनिमेशन फिल्में व डाक्यूमेंटरी बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इससे अधिक से अधिक युवा प्रेरणा लेकर हरियाणा के गौरव से जुड़ी शॉर्ट मूवी, एनिमेशन फिल्में व डाक्यूमेंटरी बना रहे हैं। सिने फाउंडेशन के सहयोग से रोहतक के महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में हाल ही में प्रांत स्तर पर हरियाणा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया है। ऐसा नहीं है कि इस तरह का यह पहला आयोजन था। इससे पूर्व भी इस तरह का आयोजन एक बार ऑनलाइन तथा दूसरी बार हिसार में किया गया है। आयोजन में केवल आवेदन मांगकर पुरस्कार देकर इतिश्री नहीं किया जा रहा, अपितु क्रिएटर्स की क्रिएटिविटी और बेहतर कैसे अपग्रेड हो इस पर फोकस किया जाता है। आयोजन से पहले विभिन्न संस्थानों में वर्कशॉप आयोजित कर युवाओं को इसके लिए प्रेरित किया जाता है। फिर आयोजन में प्रख्यात फिल्म निर्देशकों को आमंत्रित कर फिल्म महोत्सव में फिल्म मैकिंग को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके परिणामस्वरूप फिल्म मैकिंग के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर इस क्षेत्र में आगे बढ़कर हरियाणा का नाम रोशन कर रहे हैं। फिल्म महोत्सव के लिए विश्व संवाद केंद्र द्वारा इस बार रोहतक के आयोजन के लिए प्रदेशभर के संस्थानों में 23 कार्यशालाओं का आयोजन कर फिल्म मैकिंग से जुड़े युवाओं को प्रेरित किया गया है। इन कार्यशालाओं में लगभग एक हजार से अधिक युवाओं द्वारा भागीदारी की गई है। इसी का सकारात्मक परिणाम है कि हरियाणा फिल्म महोत्सव के लिए इस बार 98 शॉर्ट मूवी व डाक्यूमेंटरी पहुंचीं। इन शॉर्ट मूवी व डाक्यूमेंटरी में से ज्यूरी कमेटी द्वारा 43 शॉर्ट मूवी व डाक्यूमेंटरियों का चयन किया गया। 29 को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए गए। फिल्म फैस्ट् के दौरान इन सभी शॉर्ट मूवी व डाक्यूमेंटरियों को चार पर्दो पर दिखाया गया। इसमें लगभग एक हजार लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। हरियाणा फिल्म महोत्सव में प्रोफेशनल व नॉन प्रोफेशनल दो तरह की श्रेणियां बनाई जाती हैं। सर्वश्रेष्ठ फिल्म प्रोफेशनल की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म को 31 हजार, द्वितीय को 21 हजार व तृतीय को 11 हजार का पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ फिल्म वृत्त चित्र में प्रथम स्थान पर आने वाले वृत्त चित्र को 31 हजार, द्वितीय स्थान पर 21 हजार व तृतीय पुरस्कार विजेता को 11 हजार रुपए का पुरस्कार मिलता है। सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म नॉन प्रोफेशनल में प्रथम स्थान पर 11 हजार, द्वितीय स्थान पर 8100 व तृतीय स्थान पर 5100 रुपए का पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ डाक्यूमेंटरी नॉन प्रोफेशनल की श्रेणी में प्रथम डाक्यूमेंटरी को 11 हजार, द्वितीय को 8100 व तृतीय को 5100 रुपए का पुरस्कार मिलता है। इसके अलावा श्रेष्ठ अभिनेता,श्रेष्ठ अभिनेत्री, श्रेष्ठ निर्देशक, श्रेष्ठ फिल्मांकन,श्रेष्ठ संपादक व श्रेष्ठ कहानी को 5100-5100 रुपए के पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। फिल्म निर्माण के प्रति प्रदेश सरकार भी सकारात्मक रुख धारण किए हुए है। फिल्म निर्माण पॉलिसी बनाई जा चुकी है। सरकार ने दो चरणों में फिल्म सिटी बनाने जा रही है। पहले चरण में पंचकूला के पिंजौर में 100 एकड़ में फिल्म सिटी बनाई जा रही है। इसके लिए जमीन निर्धारित की जा चुकी है। दूसरे चरण में गुरुग्राम में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने आयोजन में भागीदारी करते हुए कहा कि दूरदर्शन पर हफ्ते में एक बार हरियाणवी फ्लिम का प्रदर्शन करने के संबंध में प्रसार भारती के साथ बातचीत की जाएगी। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) को हरियाणा के प्रत्येक विश्वविद्यालय में फ्लिम मेकिंग कोर्स शुरू करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा, हर स्कूल में थिएटर एजुकेशन शुरू करने के लिए भी सुपवा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस दिशा में प्रयास करेगा। सोच पॉजिटिव हो तो परिणाम भी पॉजिटिव ही रहते हैं। उम्मीद है आने वाले समय में हरियाणा सिनेमा एक नई पहचान बनाएगा।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### कविता
### जीवन क्रीड़ा

घटती-घटना



राजीव डोगरा
जनयानकड़
कांगड़ा,
हिमाचलप्रदेश

सोच न बंदे गंदगी
तु कर ले ईश्वर की बंदगी।
यही तो जीवन की मर्यादा है
तु खुद का ही भाग्य विधाता है।
अजर अमरता को रहने दें
जीवन को विभिन्न सुर में बहने दें।
जीवन में जो भी आता है
उसको उल्लास से आने दें।
जीवन से जो भी जाता है
उसको भी मुस्कुराते हुए जाने दें।
मस्ती को अपनी हस्ती में रहने दें
जीवन को सस्ती बस्ती में बहने दें।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# युवक की हत्या कर नाली में फेंका शव,फूल व्यवसायी के यहां काम करता था युवक



» ईंट व रॉट से हमला कर हत्या की संभावना, हत्या के बाद शव को नाली में ले जाकर फेंका



- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

नमनाकला खटिकपारा में शुक्रवार की सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक फूल व्यवसायी के घर में रहकर काम करता था। उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। गुरुवार की रात युवक खाना खाने के बाद फूल व्यवसायी के छोटे भाई के साथ गोदाम में सोया था। घटना के बाद से व्यवसायी का भाई फरार है। जिसे पुलिस हत्या का संदेही मानकर उसकी तलाशी के लिए झारखंड गई है। वहीं मृतक के परिजन अस्पताल में हंगामा कर दिया। हंगामे के कारण शव का पीएम लगभग 4 घंटे बाद कराया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव के आने व परिजन को समझाने के बाद शव का पीएम कराया गया। परिजन का कहना था कि घटनास्थल पर शव को क्यों नहीं दिखाया गया।

जानकारी के अनुसार जुगनू यादव उर्फ मनबोध पिता धनुषदेव यादव उम्र 25 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी नवानगर का रहने वाला था। वह पिछले 7 साल से अंबिकापुर नमनाकला झांझटपारा निवासी फूल व्यवसायी बीरबल यादव के यहां रहकर काम करता था। बीरबल का सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे फूल-माला का दुकान भी है। जुगनू घर व फूल दुकान दोनों जगह काम करता था। शुक्रवार की सुबह झंझटपारा स्थित व्यवसायी के गोदाम के समीप नाला में उसका शव मिला। सूचना पर कोतवाली पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। युवक के शरीर पर गई जगह गंभीर चोट के निशान थे। मृतक जुगनू व अन्य लोग फूल व्यवसायी बीरबल के यहां खाना खाया था। खाना खाने के बाद युवक फूल व्यवसायी के छोटे भाई संजू के साथ गोदाम में सोया था। घटना के बाद से संजू फरार है। पुलिस प्रथम दृष्टया उसे संदेही मान कर उसकी तलाशी शुरू कर दी है। कोतवाली थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। इस दौरान फॉरेंसिक एक्सपर्ट को भी जांच के लिए बुलाया गया था। गोदाम में खून कें छिंटे,खून से सना हुआ ईंट,रॉड,बिस्तर पर टूटा हुआ तीन दांत व हड्डी के टुकड़े मिले हैं। गोदाम में पहले उसकी हत्या की गई है फिर उसकी लाश को नाले में फेंका गया है।

### व्यवसायी के भाई पर संदेह

जुगनू यादव की हत्या सोने के दौरान ही की गई है। ईंट व रॉड से उसके जबड़े व सिर को कूचा गया है। वहीं घटना के बाद से फूल व्यवसयी बीरबल का भाई संजू फरार है। पुलिस उसे संदेही मान रही है। इसके अलावा पुलिस बीरबल यादव को भी संदेही मानते हुए हिरासत में लिया है। उसे लेकर पुलिस झारखंड रवाना हुई है। संजू का लोकेशन झारखंड में ही मिला है। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक जुगनू यादव का चाचा इंद्रजीत व अन्य परिजन का कहना है कि मौके पर हमलोगों को जाने नहीं दिया गया। वहीं शव को भी नहीं दिखाया गया। इसके अलावा जब घटना की जानकार होने के बाद बीरबल तत्काल परिजन को जानकारी नहीं दी थी। सहित अन्य बातों को लेकर परिजन नाराज थे। अस्पताल पहुंचने के बाद परिजन शव का पीएम नहीं कराने को तैयार थे। परिजन को समझाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। अस्पताल परिसर में काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। कोतवाली, मणिपुर व दरिमा थाना प्रभारी भी मौके पर रहे। इसके बादवजूद भी परिजन शव का पीएम नहीं करा रहे थे। सीएसपी के सख्त फटकार के बाद भी परिजन को कुछ फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव के आने के बाद उनके द्वारा परिजन को समझाइश के बाद तीन घंटे के विरोध के बाद शव कराने के लिए परिजन तैयार हुए।



# चचेरी बहन ने भेजकर युवती का कराया बलात्कार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

युवती से बलात्कार के मामले में लखनपुर पुलिस ने आरोपी व उसके महिला सहोगी को गिरफ्तार किया है। महिला सहोगी पीड़िता की चचेरी बहन है। उसी ने पीड़िता को भेजकर युवक से बलात्कार कराया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता अपनी चचेरी बहन के साथ किराए के मकान में रहती थी। 9 अप्रैल को पीड़िता की चचेरी बहन ने उसे बताया कि मेरे मोबाइल पर तुम्हारे गांव के किसी का फोन आया है जाओ मिल लेना। पीड़िता मिलने गई तो वहां एक व्यक्ति मिला जिसे वह नहीं पहचानती थी। आरोपी उसे जबरन बाइक में बैठाकर रोड किनारे नव निर्मित भवन में ले जाकर बलात्कार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उसे वहीं छोडक़र आरोपी फरार हो गया। पीड़िता किसी तरह घर पहुंची और मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने बलात्कार में सहयोग करने के मामले में महिला सूरजपति पति महेश उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम लोसगी थाना लखनपुर व राधेश्याम गुप्ता पिता स्व. कृपाशंकर गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी लखनपुर बाजारपारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# विशेष आरक्षित जनजाति पण्डो समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से मिलने की जताई इच्छा

- संवाददाता -
लखनपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर उदयपुर सीमा पर स्थित ग्राम माजा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष आरक्षित जनजाति पण्डो समाज की बैठक 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को संपन्न हुई।इस बैठक में जिले सहित अन्य जिलों के पण्डो जनजाति के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक में उन्होंने समाज हित को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। पण्डो समाज के लोगों ने सुशासन तिहार लिंक में जाकर मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा जताते हुए ऑनलाइन आवेदन कर मुख्यमंत्री से मिलने समय मांगा गया है। ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पण्डो समाज वर्तमान में अत्यंत दशा में गुर्जर बसर हो रहा और शिक्षा एवं आर्थिक रूप से काफी पिछड़ गए हैं।

इन्हीं सब विषयों को लेकर ऑनलाइन आवेदन कर पण्डो समाज ने मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है।



वही पण्डो समाज ने एक वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से मिलने का आग्रह किया है।



# घर में रखे गैस सिलेंडर में लगी आग,मची अफरा-तफरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शहर के ब्रह्मपारा घसिया मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह घर में रखे गैस सिलेंडर में आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाया। इस दौरान किसी तरह का कोई नुकासान नहीं हुआ है।

जानकारी के अनुसार बसंत सारथी कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्रह्मपारा घसिया मोहल्ले का रहने वाला है। इसके घर में रखे गैस सिलेंडर में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। परिजन ने तत्काल आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझाया। आगजनी की घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# पंचायत सचिव के शासकीय करण मांग का समर्थन किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव ने किया

- संवाददाता -
लखनपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा के आह्वाहन पर पूरे प्रदेश में शासकीय करण मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। पंचायत सचिवों के हड़ताल में चले जाने से पंचायत सहित विभिन्न योजनाओं के कार्य ठप हो चुके हैं। पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से ग्रामीण काफी परेशान है। तो वही किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव,अंबिकापुर विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर सोहैल एवं किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राम सूजन द्विवेदी 11 अप्रैल दिन शुक्रवार की दोपहर लखनपुर जनपद कार्यालय के सामने पंचायत सचिवों के हड़ताल




स्थल पर पहुंचकर पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी से मुलाकात करते हुए उनकी मांगों का समर्थन किया है साथ ही किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित सिंह देव और अंबिकापुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर सोहैल ने पंचायत सचिव के मांगों को जायज़ ठहराते हुए कहा कि चुनाव से पूर्व भाजपा के द्वारा जो वादा पंचायत सचिव से किया गया था उन वादों को पूरा करना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में पंचायत सचिवों के साथ कांग्रेस भी इस हड़ताल का समर्थन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयपाल साहू,सतनारायण सिंह, वंश राम,घनश्याम सिंह,गजराज सोनवानी, चंद्रिका यादव,लालसाय सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव संघ के सदस्य हड़ताल स्थल पर मौजूद रहे।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट करने वाला जेठ गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

महिला से छेड़छाड़ व मारपीट किए जाने के मामले में लुण्ड्रा पुलिस ने पीड़िता के जेठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को एक महिला अपने घर में थी। तभी उसका जेठ शराब के नशे में पहुंचा और अपने साथ चलने के लिए बोलने लगा। मना करने पर वह उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान पीड़िता द्वारा विरोध करने पर जेठ ने उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जेठ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# बदमाशों ने मारपीट कर कार सवार को कर दिया था अधमरा,दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

मारपीट कर हत्या की कोशिश करने के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर नाका निवासी तुषार सिंह ने 16 मार्च को गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तुषार के पिता संतलाल सिंह कार से अपने पैतृक गांव खडग़वां कला गए थे। वहां से वापस आने के दौरान सकालो मंडी के पास कार पंक्चर हो गई थी। सूचना पर तुषार अपने पिता को लेने जा रहा था। वह वहां पहुंचा तो चार से पांच लोग उसके पिता के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे। इसी बीच बुलेट से गोविंद उराव, विनोद प्रजापति एवं एक अन्य व्यक्ति आए और उसके पिता के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने उसे उठाकर रोड पर पटक दिया था। इससे उसके सिर, मुंह शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट हाई थी। प्रार्थी ने घटना की जानकारी अपने चाचा को दी।





उसके चाचा मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अपने भाई को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इधर स्कूटी से घर जा रहे प्रार्थी को पुनः बदमाशों ने रोककर गाली गलौज व एफआईआर कराने पर जान से मारने की धमकी दिए थे।

### ब्रेन का करना पड़ा था ऑपरेशन


बदमाशों द्वारा मारपीट किए जाने से उठाकर पटकने से उसे सिर में गंभीर चोट हाई थी। मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराए थे। यहां उसका ब्रेन का ऑपरेशन किया गया था। वहीं पीड़ित के बेटा तुषार की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी गोविन्द मिंज पिता आत्मा बोस उम्र 36 वर्ष निवाी सरगवां थाना गांधीनगर व विनोद प्रजापति पिता अशोक प्रजापति उम्र 40 वर्ष निवासी सकालो कोलतापारा थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 296, 352(3),115(2),3(5), 109(1) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



# यूक्रेन को अरबों डॉलर की सैन्य सहायता देंगे यूरोपीय देश,पुतिन से मिलने रूस पहुंचे अमेरिकी दूत

**ब्रसेल्स,11 अप्रैल 2025।** यूरोपीय देश यूक्रेन को रूस से लड़ने में मदद करने के लिए आगे आए हैं। कई यूरोपीय देशों ने शुक्रवार को यूक्रेन को अरबों डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता देने का संकल्प लिया। इस बीच, अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ युद्ध रोकने की इच्छा के बारे में जानने के लिए रूस पहुंचे हैं। वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे।

ब्रसेल्स में शुक्रवार को यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगी देशों की एक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्रिटिश रक्षा मंत्री जॉन हीली ने की। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के बाद हीली ने कहा कि यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में दी जा रही नई मदद की कुल राशि 21 बिलियन यूरो (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है।



ब्रिटिश रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि यह यूक्रेन के लिए अब तक की सबसे बड़ी सैन्य मदद है। हालांकि, ब्रिटिश रक्षा मंत्री हीली ने यह नहीं बताया कि यह मदद कैसे और कब दी जाएगी। यूक्रेन ने पहले भी शिकायत की है कि कुछ देश ऐसे सम्मेलनों में पुराने वादों को ही दोहराते हैं। वह वादे के अनुसार वास्तविक तौर पर हथियार या गोला-बारूद देने में विफल रहते हैं।

नाटो महासचिव मार्क रूटे ने पिछले सप्ताह बताया था कि यूक्रेन का समर्थन कर रहे देशों ने इस साल के पहले तीन महीनों में अब तक लगभग 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता दी है। वहीं, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने शुक्रवार को बताया कि अब तक 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा की मदद देने का वादा किया जा चुका है।

नाटो मुख्यालय में संपर्क समूह की बैठक से पहले, यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने कहा कि उनके देश के लिए वायु रक्षा प्रणाली मजबूत करना बहुत जरूरी है। बैठक समाप्त होने के बाद यूक्रेनी रक्षा मंत्री ने इसे उपयोगी और असरदार बताया। उमरोव ने कहा कि बैठक में यूक्रेन को प्राप्त सहायता के सबसे बड़े पैकेजों में से एक मिला है। उन्होंने सैन्य मदद के लिए सभी देशों का आभार व्यक्त किया।

# सुशासन त्यौहार का आज समापन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

पंचायत सचिव के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के बावजूद सरपंच रोजगार सहायक और जनपद कार्यालय से आए कर्मचारी ने शांतिपूर्ण तरीके से आवेदन लेकर सरकार के निर्देशों का पालन किया ।

विदित हो की प्रदेश की विष्णु देवसाय सरकार की निर्देशन पर पूरे प्रदेश में शहरी एवं ग्राम पंचायत में 8 तारीख से 11 तारीख तक चलने वाले शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मांग व शिकायत फॉर्म भर कर शहर व ग्रामीण जनता ने अपनी अपनी शिकायत एवं मांग उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा दिए गए फॉर्म भरकर पावती लेते देखा गया । आज ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ में रिपोर्टिंग के दौरान देखा गया कि काफी संख्या में महिला पुरुष शासन के द्वारा चलाए जा रहे हैं । सुशासन त्यौहार में बड़े



चढ़कर अपनी मांग व शिकायत को लेकर देखे गए। जनपद पंचायत राजपुर से आए ड्यूटी कर्मचारी के साथ साथ ग्राम पंचायत के उपस्थित महिला सरपंच के साथ-साथ रोजगार सहायकको उपस्थित देखी गई । शिकायत और मांग की जानकारी उपस्थित कर्मचारियों से मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक चलने वाले इस सुशासन त्यौहार में ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ में343 आवेदन मांग और शिकायत की प्राप्त हुई है।



# गर्मी की तपिश में ठंडक की एक प्यारी पहल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच की बहनों द्वारा समाज सेवा की भावना के तहत प्रकाश हॉस्पिटल के सामने एक प्याऊ की स्थापना की गई। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती किरण साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और प्याऊ का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती साहू ने कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह पहल न केवल मानवता का प्रतीक है,बल्कि समाज के प्रति मंच की सेवा भावना को भी दर्शाती है। उन्होंने मंच की सभी सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद और शुभकामनाएं दीं।

मंच की बहनों द्वारा यह प्रयास न केवल राहगीरों के लिए राहतकारी सिद्ध होगा, बल्कि जनसेवा की दिशा में प्रेरणादायक कदम भी साबित होगा। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंच से मुख्य रूप से सीमा बंसल,सरोज बंसल,श्वेता अग्रवाल,गीता अग्रवाल,रिंकी शर्मा , मंजू अग्रवाल,मंजू शर्मा और अन्य महिलाएं मौजूद थीं !

# चार दिनों से चल रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतिम दिन काफी संख्या में पहुंची कुसमी की जनता



- संवाददाता -
कुसमी,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत कुसमी कार्यालय के प्रागंण में चल रहे चार दिवसीय सुशासन तिहार कार्यक्रम का आज शुक्रवार को समापन हो गया, गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के तहत जनता को एक अवसर मिला था कि वे शासन प्रशासन के पास अपनी मांग और समस्याओं को रख सके, 8 अप्रैल से 11अप्रैल तक आवेदन करने का समय रखा गया था ,वहीं 5 मई से 31 मई के दौरान समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है,कार्यक्रम के चौपाल पर राजस्व और नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी गण लोगो को अपनी समस्याओं एवं मांगो के लेकर आवेदन करने की जानकारी देते दिखे , तो वहीं जनता भी काफी संख्या इस अवसर का लाभ उठाने के लिए चौपाल में पहुंचकर आवेदन करते नजर आये , नगर पंचायत कुसमी के सीएमओ अरविंद विश्वकर्मा के निर्देश पर कर्मचारी पिछले कई दिनों से सुशासन तिहार कार्यक्रम को लेकर आम जनता तक प्रचार पसार के माध्यम से अवगत भी करा रहे थे और जनता भी प्रचार पसार को देखकर और सुनकर चौपाल में आकर सुशासन तिहार के जरिए अपनी मांग और समस्याओं को लेकर आवेदन पत्र भरकर बॉक्स में डाला,बहरहाल इस तरह के कार्यक्रम को देखकर यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शासन प्रशासन अपनी जनता की समस्याओं और मांग के बारे में जानकर निराकरण करेंगे ताकि आम जनता शासन के द्वारा जनता के हित के लिए चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सके।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम विद्यालय सत्र 2025-26

**प्रवेश हेतु 5 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिले में सत्र 2025-26 में 14 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 04 स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। इन समस्त विद्यालयों में सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं को एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकता है। प्रवेश हेतु समय सारणी निर्धारित की गई है, जिसमें प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 05 मई 2025 तक,अधिक आवेदन की स्थिति में लाटरी के माध्यम से सीट आबंटन 06 मई से 10 मई 2025 तक, प्रवेश की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई 2025 तक निर्धारित किया गया है।

# होमगार्ड विभाग में महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा 22 जून को

» व्यापम द्वारा किए जाएंगे चार जिलों में परीक्षा आयोजित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राज्य के चार जिलों रायपुर,बिलासपुर,जगदलपुर एवं अंबिकापुर में संपादित होगी।

होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा चार संभागीय केंद्रों में रायपुर बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र 20,137 अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट https:firenoc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आवंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जाएगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा होमगार्ड विभाग के वेबसाइट पर पूर्व में जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किए जाने की अनुमति नहीं होगी। व्यापम की वेबसाइट पर आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य है। लिखित परीक्षा कार्यक्रम व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि 16 अप्रैल 2025 है। व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा तिथि 22 जून 2025, परीक्षा का समय पूर्वाहन 2 घंटे की होगी। प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 13 जून 2025 को एवं परीक्षा केंद्र रायपुर, बिलासपुर जगदलपुर एवं अंबिकापुर में परीक्षा आयोजित होंगे।

## निधन



श्री संत सिंह गहरवार,उम्र 58 वर्ष,निवास गुदरी गली अम्बिकापुर,पेशा शिक्षक का इलाज़ के दौरान रायपुर एम्स हॉस्पिटल में आज दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया है, अंतिम यात्रा आज दिनांक 12.04.2025 को सुबह 10 बजे निवास स्थान से स्थानीय मुक्तिधाम शंकरघाट के लिए निकलेगी।

# कलेक्टर ने पीडीएस दुकान का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी,चिल्हर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोसकर ने आज लुण्ड्रा ब्लॉक स्थित बटवाही गांव के सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकान के संचालन को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की।



दरअसल,शासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने हेतु पीडीएस दुकान का संचालन हरिओम महिला स्व-सहायता समूह के नाम से दिया गया था, लेकिन मौके पर कोई भी महिला सदस्य उपस्थित नहीं मिली। इसके विपरीत, दुकान का संचालन पुरुषों द्वारा किया जा रहा था। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए महिला समूह के सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने राशन वितरण से संबंधित पंजी का अवलोकन किया तथा चावल, शक्कर, नमक और चना की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी हितग्राहियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध कराया जाए।

इसके साथ ही, उन्होंने शक्कर खरीदी के बाद शेष बचत राशि को हितग्राहियों को लौटाने हेतु चिल्हर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीडीएस व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लुण्ड्रा तहसीलदार सुरेखा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार 2025 गांव-गांव शहर-शहर में लगी समाधान पेटी

» सुशासन तिहार को लेकर लोगों में दिखा उत्साह...
» कलेक्टर ने लूण्ड्रा ब्लॉक का किया निरीक्षण
» पोर्टल में सभी आवेदन प्रविष्ट करने के दिए निर्देश
» जिले में 14426 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए...

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।





आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जोकि 8 अप्रैल से 31 मई तक चलेगा।

बता दें कि तीन चरणों में चलने इस तिहार में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से साढ़े पांच बजे की स्थिति में जिले में कुल 14426 आवेदन प्राप्त किए गए हैं । जिसमें नगरीय निकाय क्षेत्र के अम्बिकापुर में समाधान पेटी के माध्यम से मांग के 517 एवं शिकायत के 49 सहित कुल 566 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांग के 306 एवं शिकायत के 407 कुल 973 आवेदन प्राप्त हुए।

सीतापुर में समाधान पेटी के माध्यम से मांग के 07 एवं 01 शिकायत कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 43 मांग और 6 शिकायत कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए।

वहीं लखनपुर में समाधान पेटी के माध्यम से 76 मांग और 02 शिकायत कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 19 मांग और 02 शिकायत कुल 21 आवेदन मिले।

सुशासन तिहार विकासखंड स्तर पर

अम्बिकापुर में कुल 1310 मांग और 20 शिकायत कुल 1330 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 621 मांग और 96 शिकायत कुल 717 आवेदन प्राप्त हुए।

बतौली में 999 मांग और 09 शिकायत कुल 1008 के आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 348 मांग और 42 शिकायत कुल 390 आवेदन पत्र प्राप्त हुए।

लखनपुर में 2331 मांग और 48 शिकायत के कुल 2379 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 447 मांग और 36 शिकायत कुल 483 आवेदन प्राप्त हुए।

लूण्ड्रा में 861 मांग और 11 शिकायत कुल 872 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 473 मांग और 32 शिकायत कुल 505 आवेदन प्राप्त हुए।

मैनपाट में 1128 मांग और 30 शिकायत कुल 1158 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 364 मांग और 29 शिकायत कुल 393 आवेदन प्राप्त हुए।

सीतापुर में 714 मांग और 04 शिकायत कुल 718 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 486 मांग और 37 शिकायत कुल 523 आवेदन प्राप्त हुए।

उदयपुर में 2254 मांग और 42 शिकायत कुल 2296 आवेदन प्राप्त हुए, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 471 मांग 47 शिकायत कुल 518 आवेदन प्राप्त हुए।

सुशासन तिहार के दूसरा चरण 12 अप्रैल से 04 मई तक प्राप्त मांग और शिकायतों का संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि में निराकरण किया जाएगा। इसके पश्चात अंतिम एवं तीसरे चरण में 05 मई से 31 मई तक शिविर के माध्यम से आम जनता से संवाद स्थापित कर समाधान किए जाएंगे।

## कलेक्टर ने लूण्ड्रा ब्लॉक का किया निरीक्षण

लूण्ड्रा विकासखंड के बटवाही, डड़गांव, बुलंगा और लूण्ड्रा ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों का कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया और उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ली। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों प्राप्त सभी आवेदनों को शीघ्रता से ऑनलाइन पोर्टल पर प्रविष्ट करने के निर्देश दिए। इस दौरान लूण्ड्रा तहसीलदार सुश्री सुरेखा सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अब झारखंड से जुड़ना हुआ आसान,कन्हर नदी पर बन रहे पुल का मंत्री श्री नेताम ने किया निरीक्षण

## 20 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ,निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

-संवाददाता-
बलरामपुर,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के नेतृत्व में शासन ने सीमावर्ती इलाकों के विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम उठाया है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड में कन्हर नदी पर बन रहे उच्चस्तरीय पुल का आज राज्य के कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यह पुल न केवल सनावल क्षेत्र को झारखंड से जोड़ेगा, बल्कि दो राज्यों के बीच सड़क सम्पर्क का मुख्य माध्यम बनेगा।





### गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना को तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द सुविधा मिल सके।

### क्षेत्रीय विकास का नया द्वार

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि यह पुल क्षेत्रीय समेकित विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पुल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा संस्थान और बाजार अब ग्रामीणों की पहुंच में होंगे। इसके अलावा पर्यटन और स्थानीय व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा।

### 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण...जून तक पुल होगा तैयार

लोक निर्माण विभाग द्वारा 15.20 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह पुल 312 मीटर लंबा और 8.4 मीटर चौड़ा है। अब तक 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 12 पियर और 2 एबटमेंट में से अधिकांश का निर्माण पूरा हो गया है और स्लैब कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। जून 2025 तक पुल का निर्माण पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है।

### 40 हजार आबादी को राहत,20 गांव होंगे लाभान्वित

इस पुल से धौली,झारा,कुशफर,सेमरवा,पचावल,आनंदपुर जैसे 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के समय जब नदी उफान पर होती है,तब लोगों को इलाज, शिक्षा और बाजार तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। पुल बन जाने के बाद यह समस्या इतिहास बन जाएगी।

### गढ़वा,नगर उंटारी और धुरकी की दूरी होगी कम

सनावल क्षेत्र के हजारों लोग रोजमर्रा के कामों के लिए झारखंड के गढ़वा, नगर उंटारी और धुरकी जाते हैं। पुल से इन स्थानों की दूरी घटेगी और यात्रा भी सुरक्षित होगी। यह सुविधा पूरे साल निर्बाध रूप से उपलब्ध रहेगी।

### स्थानीय लोगों ने जताया आभार

पुल परियोजना को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मंत्री नेताम और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुल उनके लिए सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है।

# सुशासन तिहार:जिले में करीब 41 हजार आवेदन प्राप्त

## समाधान के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में...जनपदों से आए बड़ी संख्या में आवेदन

## 3 हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त, प्राप्त आवेदनों का होगा एक माह के भीतर समाधान






-संवाददाता-
कोरिया,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिले में चल रहे सुशासन तिहार में जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। सुशासन तिहार के पहले चरण में अब तक जिले भर से 40 हजार 613 आवेदन जमा किए गए हैं, संख्या और बढ़ने की संभावना है। इनमें से अधिकांश आवेदन सीधे शिविरों के माध्यम से आए हैं, जबकि ऑनलाइन माध्यम से महज 3 हजार 137 आवेदन ही पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे तक सोनहत जनपद पंचायत से 7500, बैकुण्ठपुर विकासखंड से करीब 28 हजार, बैकुण्ठपुर नगर पालिका क्षेत्र से 330 शिवपुर-चरचा से 576 और पटना नगर पंचायत से 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा।

### हेल्पलाइन और सुशासन संगवारी ने निभाई अहम भूमिका

प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इसके साथ ही बुजुर्गों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और दूरस्थ ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए 'सुशासन संगवारी' को लगाया गया। उन्होंने घर-घर जाकर आवेदन जमा करवाने में मदद की।

### सुशासन ऑन व्हील बना ग्रामीणों का सहारा

प्रशासन की ओर से शुरू की गई 'सुशासन ऑन व्हील' योजना ने दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर आवेदन लिए। वहीं 'सुशासन गीत' के जरिए आम लोगों में अभियान को लेकर जागरूकता फैलाई गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, सरकार की यह पहल आम जनता तक योजनाओं और समाधान की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। सभी आवेदनों का त्वरित और नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, प्राप्त आवेदनों का तेजी से निपटारा कर जनता को राहत दी जाएगी।

### अब निगाहें दूसरे चरण पर

पहले चरण की सफलता के बाद अब सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें आवेदनों का समाधान होगा। प्रशासन का दावा है कि हर आवेदन का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

# खनिज विभाग की बड़ी उपलब्धि:लक्ष्य से अधिक राजस्व संग्रह कर रचा नया कीर्तिमान



-संवाददाता-
एमसीबी,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज विभाग, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ने अपने अथक परिश्रम और सजग निगरानी से राजस्व प्राप्ति के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म,अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिले के लिए 75 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध विभाग ने 78.92 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली कर 105 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। यह सफलता विभाग की योजनाबद्ध कार्यशैली,सतत निगरानी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रतिफल है। खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित मुख्य खनिज कोयला सहित गौण खनिज-गिट्टी (साधारण पत्थर) रेत आदि की नियमित निगरानी की गई। साथ ही अवैध खनिज उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र भ्रमण को लगातार प्राथमिकता दी गई। इस दौरान अवैध गतिविधियों से संबंधित 186 प्रकरणों को चिन्हित करते हुए विभाग ने कठोर कार्रवाई की और कुल 42.73 लाख रुपये की अर्थदंड/समझौता राशि वसूल कर खनिज मद में जमा कराई। खनिज विभाग की इस शानदार सफलता में खनि अधिकारी श्री दयानंद तिग्गा के नेतृत्व में खनि निरीक्षक श्री आदित्य मानकर, खनिज सुपरवाइजर श्री सुंदरलाल साहू, खनिज सिपाही श्री उपेन्द्र सिंह,श्री राजकुमार यादव, भूषण लाल चौहान, सहायक ग्रेड-02 श्री दिनेश सिंह तथा अनुरेखक श्रीमती कविता सिंग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। खनिज विभाग की यह उपलब्धि जिले की आर्थिक प्रगति की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए स्वास्थ्य शिविरों का किया गया आयोजन



-संवाददाता-
बलरामपुर,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने हेतु प्राथमिकता से कार्य करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में स्वास्थ्य लाभ के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

शिविरों के माध्यम से शासन की मंशानुसार उन समुदायों तक मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाते हुए सुविधाओं दी जा रही है। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जिसमें मौसमी बीमारियों सहित ब्लड प्रेशर, मधुमेह (डायबिटीज), हीमोग्लोबिन,टीबी,कुपोषण,नेत्र जांच, सिकलसेल,मलेरिया,बच्चों की सामान्य जांच सहित विभिन्न बीमारियों का परीक्षण किया जाता है और जांच उपरांत चिकित्सकों द्वारा आवश्यकता अनुसार रोगियों को निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की जाती है। साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष रूप से पोषण, मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य संबंधी परामर्श,नियमित स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता,संतुलित आहार, और जीवनशैली में सुधार से संबंधित परामर्श भी दिया जाता है। शिविर में राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही पंजीयन भी कराया जा रहा है। दूरस्थ और जनजातीय इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने हेतु मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन के साथ शिविर के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक करते हुए समुदाय को सशक्त बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले के हर अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य सरकारी योजनाओं के साथ लाभ पहुंचाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में विगत 1 वर्ष में अब तक 2239 शिविर लगाए गए है जिसमें 84169 मरीजों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही 58742 मरीजों का प्राथमिक उपचार कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया है।



# जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण व एनीमिया उन्मूलन हेतु जन अभियान

-संवाददाता-
कोरिया,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया द्वारा 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक ष्पोषण पखवाड़ाष् का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयासों से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया की दर में कमी लाना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशन में विभागीय योजनाओं के साथ-साथ जनसमुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुपोषण चौपाल,वजन मापन, एनीमिया जांच,पोषण शिक्षा,जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

# महावीर जयंती पर जैन युवाओं का परोपकारी समर्पण रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश




-संवाददाता-
एमसीबी,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सत्य, अहिंसा और जीवदया के प्रेरणा स्त्रोत केवल्य ज्ञानी तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2624वीं जयंती के अवसर पर मनेंद्रगढ़ में जैन समाज के युवाओं ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए रक्तदान कर समाज सेवा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष शैलेश जैन, पार्श्वनाथ जैन मंदिर के अध्यक्ष रितेश जैन,मंत्री सौरभ जैन सहित राजेश कुमार,श्रीमती रत्ना जैन, श्रीमती शुभ्रा जैन,अंकित जैन, मयंक जैन,अनुराग जैन व अन्य युवाओं ने मिलकर केंद्रीय जिला अस्पताल में रक्तदान किया। इन युवाओं का कहना है कि भगवान महावीर ने जिस प्रकार सांसारिक मोह-माया से मुक्त होकर परोपकार और जीवदया का मार्ग दिखाया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यदि हमारा जीवन किसी और के जीवन के काम आ जाए, तो यही जीवन की सच्ची सार्थकता है।

### भगवान महावीर का संदेश सम्यक दर्शन,सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र

भगवान महावीर ने समाज को सम्यक दृष्टि,सम्यक ज्ञान और सम्यक आचरण की राह दिखाई जिसमें जीव मात्र के प्रति दया सर्वोपरि है। उनके अनुसार हर प्राणी को जीवन जीने का अधिकार है क्योंकि उसका जीवन उसके कर्मों का परिणाम है। इस दर्शन में समस्त जीवों के कल्याण की भावना निहित है। समाज के हर व्यक्ति में जीव दया और करुणा का भाव जागृत हो,ताकि भारतवर्ष न केवल जीवों के प्रति दया भाव रखे बल्कि जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभा सके। यही भगवान महावीर की शिक्षाओं का सार है।

### वीतरागता का पथ और मोक्ष की ओर अग्रसर आत्मा

जैन मुनि दीक्षा लेने के पश्चात सांसारिक बंधनों और परिग्रह से मुक्त होकर आत्मकल्याण के पथ पर अग्रसर हो जाते हैं। वे राग, द्वेष और मोह से ऊपर उठकर वीतरागी जीवन जीते हुए केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं और फिर सिद्ध अवस्था को प्राप्त कर मोक्ष में विराजमान हो जाते हैं। जैन दर्शन के अनुसार ऐसी आत्माएं ही सिद्ध गति को प्राप्त कर जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर अनंत आत्मिक सुखों में सदाकाल के लिए लीन हो जाती हैं। यही आत्मा की सर्वोच्च उपलब्धि है। इस पावन अवसर पर जैन समाज के युवाओं द्वारा किया गया यह रक्तदान न केवल समाज को प्रेरित करता है, बल्कि भगवान महावीर की शिक्षाओं को व्यावहारिक रूप में जीवन में उतारने का सार्थक प्रयास भी है।

# क्या बच्चों के लिए मोबाईल अश्लीलता सीखने की पाठशाला बनी ?



**अपने स्कूल प्रबंधन के लिए बच्चों के अंदर ऐसी सोच कहां से आई...क्या बच्चे इतने प्रताड़ित थे कि अपने स्कूल के शिक्षकों के लिए ऐसी भाषा का उपयोग किए ?**

**क्या बच्चों का अपने शिक्षक के प्रति यही है सम्मान और क्या यही है उनके घरों के हैं संस्कार ?**

**हंसी-मजाक में बनाए गए वीडियो आज बच्चों के लिए बन गया है फजीहत,अब बच्चे भी हो रहे हैं शर्मसार और स्कूल भी हो रहा शर्मसार और उनके परिजन भी हो रहे हैं शर्मसार**

**यह वीडियो ओपीएस स्कूल के 12 वीं कक्षा के बच्चों की है इसके वायरल होते ही स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के परिजनों को बुलाया स्कूल**

**क्या स्कूल में बच्चों को मोबाइल ले जाने की थी अनुमति ?...क्या मां-बाप भी बच्चों को मोबाइल स्कूल ले जाने से रोक नहीं पा रहे ?**

**स्कूली बच्चों का एक वायरल वीडियो कई सवाल खड़ा कर दिया...स्कूल प्रबंधन से लेकर...घर के परिजन व समाज भी कटघरे में...**

**आखिर ऐसे अश्लील शब्दों का उपयोग बच्चे कहां से सीख रहे...क्या मोबाइल ही बच्चों के संस्कार का हैं दुश्मन ?**

-न्यूज डेस्क-
अंबिकापुर 11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

मोबाइल फोन कितना हानिकारक है यह बात सभी जानते हैं किस किस तरह से हानिकारक है यह भी बात सभी जानते हैं,बच्चों के लिए तो सबसे ज्यादा हानिकारक है यह हर घर के पेरेंट्स व उन्हें शिक्षा देने वाले टीचर भी जानते हैं,पर इसके बावजूद बच्चों से मोबाइल को दूर नहीं कर पा रहे हैं,कई ऐसी घटनाएं देखने को मिली है जब मोबाइल बच्चों के लिए ही शर्मसार करने वाली वस्तु बन गई,एक बार फिर मोबाइल की वजह से बच्चों को शर्मसार होना पड़ा,मोबाइल का बच्चों ने दुरुपयोग किया जिस स्कूल में मोबाइल ले जाने की प्रतिबंधिता है वहां पर बच्चे अपने मर्जी से अपने परिजनों की मर्जी से मोबाइल लेकर स्कूल जाते हैं,और मोबाइल से क्या-क्या सीखते-सिखाते हैं यह किसी से छुपी भी नहीं है,एक बार फिर बच्चों के ही बनाए हुए वीडियो जो इस समय वायरल हो रहे हैं यह वीडियो अंबिकापुर के एक निजी ओपीएस स्कूल का वीडियो बताया जा रहा है उसमें यह भी बताया जा रहा है कि यह बच्चे इस वीडियो को तब बनाए थे जब उनके प्रैक्टिकल एग्जाम था,यह बच्चे 12वीं क्लास के बताए जा रहे हैं और इन बच्चों की बातों को देखकर कोई यह नहीं बोल सकता है कि यह काफी सीधे-साधे व संस्कारी बच्चे हैं, क्योंकि उन्होंने जिस भाषा को उपयोग किया उसे देखकर यह नहीं कहा जा सकता कि बच्चे संस्कारी है,बच्चे काफी उदंड है और अपने शिक्षकों का सम्मान करना नहीं जानते



हैं अपने परिजनों का भी सम्मान नहीं करते होंगे,आज बच्चों के द्वारा यह वीडियो भले ही हंसी-मजाक में बनाई गई हो पर आज इस वीडियो ने कितने लोगों को शर्मसार किया है, यह शायद बच्चे भी अंदाज नहीं लगाए होंगे, जब यह वीडियो को बना रहे होंगे आज इस वायरल वीडियो से बच्चे तो शर्मसार हो ही रहे हैं,जिस स्कूल में वह पढ़ कर शिक्षा हासिल कर रहे थे वह स्कूल भी शर्मसार हो रहा है, वहां के शिक्षक भी शर्मसार हो रहे हैं और जिनके बच्चे हैं उनके परिजन भी शर्मसार हो रहे हैं,इस वीडियो ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया और बच्चों के प्रति और शिक्षक के प्रति जो संवेदना बच्चों में होनी चाहिए उसकी भी पोल खोलकर रख दी है, बच्चे अपने शिक्षक के लिए कितना सम्मान रखते हैं, यह भी उन्होंने बता दिया कि उनके अंदर अपने गुरु के लिए बिल्कुल भी सम्मान नहीं है,उनके अंदर बिल्कुल भी संस्कार नहीं है आज उन्होंने अपने संस्कारों की हदें पार कर दी वह भी बेटियां होकर जिस पर लोगों को गर्व होता है, जिन्हें लोग सबसे अच्छी मानते हैं, जिन्हें देवी का रूप माना जाता है,ऐसी बेटियों ने आज हर तरह से शिक्षक से लेकर अपने परिजनों को शर्मसार कर दिया है, शहर में कई तरह की बातें अब हो रहे हैं इस वीडियो के जारी होने के बाद सूत्रों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने परिजनों को बुलाया है अब देखना यह है कि स्कूल प्रबंधन व परिजनों के बीच क्या बात होती है स्कूल प्रबंधन किस प्रकार की कार्यवाही करता है क्या इस पर रूपरेखा बनती है यह सब चीज अब परिजनों व स्कूल प्रबंधन की मीटिंग के बाद ही तय होना है।





## बच्चों के लापरवाही से ही वीडियो हुआ लीक

स्कूली बच्चों ने इस वीडियो को बनाया और बनाते समय अश्लीलता की पूरी हदें पार कर दी,किस तरह से उन्होंने अश्लीलता का परिचय दिया किस तरीके से उन्होंने इस बात का भी परिचय दिया कि उन्हें स्कूल के शिक्षकों के प्रति कितनी घृणित सोच है और यह भी बता दिया कि स्कूल से उन्हें शिक्षा किस तरह मिला है,घरों में उन्हें किस तरह के संस्कार मिले हैं यह वीडियो उन्होंने भले ही मजाक में बनाया और मजाक-मजाक में ही एक दूसरे अपने दोस्तों को उन्होंने शेयर किया पर किसी के मोबाइल से लीक हुआ यह वीडियो अब पूरे प्रदेश के लिए चर्चा का विषय बन गया,यह वीडियो इस समय काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और हर तरह से बच्चों सहित शिक्षक स्कूल प्रबंधन और उनके परिजनों की फजीहत हो रही है। बच्चों की ना समझी उन्हीं के लिए बड़ा सर दर्द बन गया है। अब भविष्य उनके लिए कितना उज्जवल होगा यह भी अब आगे का समय ही बताएगा।

# बालको की आरोग्य परियोजना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में आया बदलाव



-संवाददाता-
सूरजपुर 11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी स्वास्थ्य परियोजना 'आरोग्य' के तहत स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से 10,000 से अधिक माताओं को सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवा में बदलाव लाया है। बच्चों के विकास वर्षों में स्वस्थ आहार की भूमिका पर जोर देते हुए बालको ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी कमियों को दूर कर रहा है।

आरोग्य परियोजना बच्चों को पोषण स्थिति के आधार पर,उन्हें वर्गीकृत करने के लिए स्वास्थ्य जांच प्रदान करता है। कुपोषित बच्चों की पहचान कर,माताओं के साथ 12-दिवसीय पीडी हर्थ (पोषित आहार पुनर्वास केंद्र) सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस अभियान से बच्चे के पोषण और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सफलता मिली है। सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य पूरक टेक होम राशन (टीएचआर) का उपयोग करके व्यंजन बनाना सिखाया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदाय में स्थायी स्वास्थ्य प्रथाओं का पोषण कर रही है। भारत सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु की देखभाल के लिए शुरू की गई 'पोषण माह' पहल के अनुरूप बालको जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी सहायता एवं जागरूकता प्रदान करता है। विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदायों में सस्टेनेबल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दे रहे है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी स्वास्थ्य पहल को प्राथमिकता देती है क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य मजबूत समुदाय की नींव है। स्वस्थ माताएँ और बच्चे राष्ट्र के विकास की रीढ़ होते हैं। कंपनी स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सभी तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच और जागरूकता को बढ़ावा दिया है। विभिन्न पहल के माध्यम से हम एक मजबूत,समावेशी चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाया है। हम समुदायिक भलाई एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध हैं। बालको ने एक डिजिटल सीरीज़ भी शुरू किया है जो माताओं को कुपोषण से उबरने के लिए ज़रूरी टिप्स देती है। इसके साथ ही कंपनी नंदघर के ज़रिए बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करता है, इसमें एनीमिया की रोकथाम और स्वच्छता जागरूकता पहल शामिल है।

**हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर निकले भाजपाई नेता**

# शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा के तहत चलाया स्वच्छता अभियान



-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल सूरजपुर के द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश व जिला के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा के तहत नगर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड स्थित चौपाटी मे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किया गया।

गौरतलब है कि स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत,स्वच्छ सूरजपुर-स्वस्थ सूरजपुर का सन्देश के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर साहू की विशेष उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व मे शहर भाजपा के सभी पदाधिकारी व पार्षदो ने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के साथ स्वच्छता के लिए शहर



वासियों को जागरूक करने की दिशा में भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा नेताओं ने सड़क पर उतरकर हाथों में झाड़ू थाम कर चौपाटी व पुराना बस स्टैंड परिसर का सफाई कार्य किया।

इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी डॉ एच.एन चतुर्वेदी, जिला कोषाध्यक्ष थलेश्वर प्रसाद साहू,शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा,मुकेश गर्ग,प्रमोद तायल,ललन राम सोनवानी, प्यारेलाल साहू,पंकज चौबे,मंडल महामंत्री आनंद सोनी,स्वच्छता प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजू देवांगन, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर साहू, भाजयुमो जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि अजय सिंह, भूपेंद्र राजवाड़े, महिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज साहू, युवा अध्यक्ष किशन देवांगन, लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, विकास अग्रवाल, अजय मित्तल, यस अग्रवाल सहित काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी,पार्षदगण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सुशासन तिहार का आयोजन का निर्णय शासन स्तर से लिया गया है। इसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता,जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त कियें जायेगें तथा दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। सुशासन तिहार के सफल संचालन एवं आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा (ब्लॉक-ओड़गी),एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल(ब्लॉक-सूरजपुर),श्री सागर राज सिंह(ब्लॉक- भैयाथान), श्री अजय मोडियम(ब्लॉक-रामानुजनगर),सुश्री ललिता भगत (ब्लॉक-प्रतापपुर) एवं सुश्री चांदनी कंवर (ब्लॉक- प्रेमनगर) में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत विभिन्न पद हेतु आवेदन आमंत्रित

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

नवीनीकरण राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना अंतर्गत जिला स्तर पर जिला पंचायत में गठित होने वाले डीपीएमयू (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट) एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंतर्गत क्रमश 01 रिक्त पद एडीपीएम एवं 01 रिक्त पद संकाय सदस्य (डीपीआरसी) की भर्ती का विज्ञापन एवं आवेदन का प्रारूप https://surajpur.nic.in पर अवलोकन एवं डाउनलोड कर सकते हैं। दोनों पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन करना अनिवार्य है। पद के नियुक्ति संबंधी शर्त का उल्लेख विज्ञापन में किया गया है। आवेदन केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। दोनों ही पद हेतु आवेदन कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल 2025 तक है। अंतिम तारीख उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## 14 अप्रैल से आयोजित होगा "ग्राम सभा"

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम,1993 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 14 अप्रैल से "ग्राम सभा" आयोजित किया जाता है। छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव का होगा। ग्राम सभा के लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग विडियो को "ग्राम सभा निर्णय" जीएस निर्णय मोबाइल एप्प में अपलोड किया जाना है तथा ग्राम सभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल https://meetingonline.gov.in एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत प्रतिशत अपलोड किया जाए।

## हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट ओपन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट ओपन परीक्षा मार्च-अप्रैल-2025 की परीक्षा जिले के निर्धारित 09 परीक्षा केन्द्रों में आज कक्षा 10वीं,विषय-गणित की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-1005 में 940 उपस्थित एवं 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे,तथा कक्षा 12 वीं विषय-लेखांकन की परीक्षा में कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-85 में 76-उपस्थित एवं 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के ओड़गी विकासखण्ड के अंतर्गत संचालित परीक्षा केन्द्र क्र.-2602 में तहसीलदार ओड़गी के द्वारा 01 नकल प्रकरण बनाया गया। अन्य समस्त परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालित हुई।

# जिले की सहकारी समितियों के पुनर्गठन की तैयारी तेज

**9 से 23 अप्रैल तक मांगी गई आपत्तियां**

-संवाददाता-
कोरिया,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा 2 अप्रैल को जारी अधिसूचना के तहत जिले की सहकारी समितियों के पुर्नगठन की योजना लागू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में नए प्रस्तावित बड़ेकलुआ, बंजारीडांड,बड़गांव (जामपारा), कटगोड़ी एवं छिन्दिया में समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। इस पुर्नगठन योजना की प्रतियां जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अम्बिकापुर, संबंधित सहकारी बैंक शाखाएं,आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों और सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोरिया के कार्यालय में सूचना पटल पर अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई हैं।

### 15 दिनों की समयसीमा, 3 प्रतियों में दें आपत्ति

प्रभावित समितियों के सदस्य, बैंक शाखाएं या कोई भी अन्य व्यक्ति, जो इस पुर्नगठन से प्रभावित हैं, वे अपनी आपत्तियां 23 अप्रैल 2025 तक सहायक पंजीयक,सहकारी संस्थाएं कोरिया को लिखित में तीन प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

# समाधान पेटी पर अपनी समस्याओं के निदान के लिए लोगों ने डाले आवेदन

-संवाददाता-
सूरजपुर,11 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सुशासन तिहार से जनमानस की आंकाक्षाओं को अभिव्यक्ति मिली है। सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की इस पहल को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और आम जनता बड़ी संख्या में आवेदन देने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने तथा स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किया जा रहा है। शासन की लोकहितकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंच सकें, इसके लिए की गई यह पहल कारगर है। सुशासन तिहार अन्तर्गत आज ग्राम पंचायत शिवपुर,



अधिनापुर,पंपानगर,द्वारिकापुर, केशवनगर,माढर,खैरा,भकुरा, करसु, सोनपुर,सुदामानगर,बतरा, केनापारा एवं धरमपुर इत्यादि में सभी वर्ग के आवेदकों द्वारा आवेदन डाला गया है। इसके साथ ही इन सभी क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा व्यवस्था का सतत् निरीक्षण भी किया गया है। इसी कड़ी में जिले में अबतक लगभग 23900 आवेदन (10 अप्रैल की स्थिति तक) सामाधान पेटी में डल चुके है। आम जनता मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए ओवदन लेकर पहुंच रही है। महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में आवेदन किया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने तथा जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी से लेकर ग्रामों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहा है। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खेल खबर

### यायर रोड्रिगेज और डिएगो लोपेज के बीच तीखी नोकझोंक



**लंदन,11 अप्रैल 2025।** यूएफसी 314 प्री-फाइट प्रेस कॉन्फ्रेंस ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया, जब फेदरवेट डिएगो लोपेज और यायर रोड्रिगेज के बीच तीखी नोकझोंक हुई। एक-दूसरे से लड़ने के लिए निर्धारित नहीं होने के बावजूद, उनके बीच तनाव स्पष्ट था। टकराव तब शुरू हुआ जब लोपेज से इस साल के अंत में मैक्सिको में यूएफसी 320 में रोड्रिगेज का सामना करने के बारे में पूछा गया। लोपेज ने रोड्रिगेज की मौजूदा फॉर्म पर सवाल उठाते हुए जवाब दिया कि वह लगातार दो मुकाबले हार चुके हैं।

### रेसलमेनिया में ड्रू मैकइंटायर की भागीदारी पर अनिश्चितता

**वाशिंगटन,11 अप्रैल 2025।** ड्रु मैकइंटायर ने खुद को एक अजीबोगरीब स्थिति में पाया है, क्योंकि रेसलमेनिया 41 से ठीक पहले उन्हें आंख में चोट लग गई थी। स्कॉटिश वॉरियर डेमियन प्रीस्ट के साथ झगड़े में थे, जो उन्हें शोकेस ऑफ द इम्मोर्टल्स में मैच की ओर ले जा सकता था। लेकिन आंख की चोट ने चीजों को पीछे धकेल दिया है, और मैकइंटायर ने स्वीकार किया है कि अब वह लास वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में होने वाले रेसलमेनिया 41 के लिए मेडिकल रूप से क्लियर होने के लिए समय के खिलाफ दौड़ में हैं। रेसलमेनिया 41 के बस कुछ ही दिन दूर हैं, एलीगेंट स्टेडियम में होने वाले मेगा शोकेस के लिए कई मैच रखे गए हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स का अजेय अभियान जारी



### अब प्लेऑफ के बहुत करीब

**नईदिल्ली,11 अप्रैल 2025।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल का एक और मैच अपने नाम कर लिया है। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली अब अकेली ऐसी टीम हैं,जो इस साल के आईपीएल में एक भी मैच नहीं हारी है। लगातार चार मैच जीतकर टीम अब प्लेऑफ के भी काफी करीब पहुंच चुकी है। बस यहां से गाड़ी पटरी से ना उतरे तो उनका टॉप 4 में पहुंचने का सपना जरूर साकार होगा। इस बीच अगर अंक तालिका की बात की जाए तो टीम अभी भी दूसरे नंबर पर है। गुजरात टाइटंस इस वक्त टॉप पर चल रही है।

### गुजरात टाइटंस की टीम अभी भी अंक तालिका में पहले नंबर पर

आरसीबी बनाम दिल्ली कैपिटल्स मैच के बाद अगर अंक तालिका पर नजर डालें तो शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस की टीम चार मैच और आठ अंक लेकर इस वक्त टॉप पर चल रही है। टीम का नेट रन रेट भी काफी बेहतर है। अब दिल्ली कैपिटल्स ने भी अपने चार में से चार मैच जीत लिए हैं और आठ अंक अर्जित कर लिए हैं, लेकिन वो जीटी से नेट रन रेट में थोड़ा सा पीछे रह गई है। यानी टीम अब दूसरे नंबर पर है। दिल्ली की टीम अब यहां से अगर चार और मैच अपने नाम कर लेती है तो फिर टीम प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर लेगी। इस बीच आरसीबी को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो, लेकिन इसके बाद भी उसकी तीसरे नंबर की कुर्सी बरकरार है। टीम ने पांच में से तीन मैच जीते हैं और उसके पास छह अंक हैं। वहीं उसे अब दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

### मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद का हाल खराब

आरसीबी के अलावा पंजाब किंग्स और एलएसजी के भी छह अंक हैं। लेकिन इनका नेट रन रेट थोड़ा नीचे है। पंजाब किंग्स की टीम इस वक्त नंबर चार और एलएसजी नंबर 5 पर है। इस बीच केकेआर और राजस्थान रॉयल्स की चार चार अंक लेकर छठे और सातवें स्थान पर हैं। वहीं बात अगर बाकी तीन टीमों की करें तो उनकी दशा खराब है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स की टीमें अपने पांच में से केवल एक ही मैच जीत पाई हैं। टीमों के लिए आने वाले मैचों में संकट और भी बढ़ सकता है।

# 64 साल की उम्र में खेला पहला टी 20 आई मैच

### इस खिलाड़ी ने मैदान पर उतरते ही रचा इतिहास

**पुर्तगाल,11 अप्रैल 2025।** क्रिकेट में आमतौर पर लोग 20 से 22 साल की उम्र में डेब्यू कर लेते हैं और चालीस साल की उम्र तक रिटायरमेंट का ऐलान भी कर देते हैं। लेकिन अगर कोई खिलाड़ी 64 साल की उम्र में डेब्यू करे तो क्या हो। जी हां ऐसा हुआ है। पुर्तगाल और नोर्वे की महिला टीमों के बीच टी 20 इंटरनेशनल मैच खेला गया। इस मैच में पुर्तगाल महिला टीम की तरफ से जोआना चाइल्ड ने 64 साल 185 दिन की उम्र में डेब्यू किया है और इसी के साथ वह महिला टी20 इंटरनेशनल



क्रिकेट में डेब्यू करने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज प्लेयर बन गई हैं।

### डेब्यू पर बनाए सिर्फ दो रन

महिला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा उम्र में डेब्यू करने का रिकॉर्ड सैली वारटन के नाम है। उन्होंने जिबराल्टर महिला टीम के लिए इस्टोनिया महिला टीम के खिलाफ 66 साल 334 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। अब महिला टी20 आई क्रिकेट में सबसे ज्यादा उम्र में डेब्यू करने वाली लिस्ट में जोआना चाइल्ड की एंट्री हो गई है। लेकिन डेब्यू पर वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं और उन्होंने सिर्फ दो रन बनाए। वहीं गेंदबाजी उन्होंने की नहीं। इस इंटरनेशनल मैच से पहले उनके पास कोई भी मैच खेलने का अनुभव नहीं था।

खास बात ये रही कि जिस मैच में 64 साल की उम्र में जोआना चाइल्ड ने डेब्यू किया। उसी मैच में 15 साल की इशरीत चीमा, 16 साल की मरियम वसीम और 16 साल की अफशीन अहमदा ने भी पुर्तगाल के लिए मैच खेला। ऐसे में अनुभव और युवा जोश का मैच में मिश्रिण दिखा।

### पुर्तगाल की महिला टीम ने जीत दर्ज की

नोर्वे महिला टीम के खिलाफ पुर्तगाल महिला टीम ने टी20 इंटरनेशनल मैच में 16 रनों से जीत दर्ज की। इस मैच में पुर्तगाली महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाए, जिसके जवाब में नोर्वे महिला टीम सिर्फ 93 रनों पर ही सिमट गई। मैच में इशरीत चीमा और गैबरियल सेक्विएरा ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। इन प्लेयर्स की गेंदबाजी के आगे नोर्वे की टीम टिक नहीं पाई। वहीं पुर्तगाल के लिए पहले बल्लेबाजी करते हुए किओना सेक्विएरा ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए।




# पंजाब किंग्स के खिलाफ रीसेट बटन दबाने को बेताब एसआरएच का लक्ष्य

**हैदराबाद,11 अप्रैल 2025।** चिंताजनक गिरावट को रोकने के लिए बेताब सनराइजर्स हैदराबाद शनिवार को अपने अगले आईपीएल मुकाबले में पावर-पैक पंजाब किंग्स की मेजबानी करके वापसी करने के लिए उत्सुक होगी। पिछले सीजन के फाइनलिस्ट, SRH ने अपने 2025 अभियान की धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराने के लिए 286 रनों का विशाल स्कोर बनाया। अपने पास एक विस्फोटक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ,ऑरेंज आर्मी 300 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनने के लिए तैयार थी, लेकिन उनके अति-आक्रामक दृष्टिकोण ने शानदार ढंग से उलटा असर डाला है।

अपने पिछले तीन मैचों में, बल्ले से उनकी हर कीमत पर आक्रमण करने की रणनीति ने 163, 120 और 152 के निराशाजनक कुल स्कोर दिए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें करारी हार मिली और वे अंक तालिका में सबसे नीचे रहे। आज तक उनका सबसे खराब नेट-रन-रेट -1.629 है। बल्लेबाजी में सनराइजर्स हैदराबाद को ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे अपने बड़े नामों से कहीं अधिक की जरूरत है। पिछले सीजन में धमाकेदार शुरुआत देने में अहम भूमिका निभाने वाले हेड और शर्मा इस साल अपनी लय हासिल करने में विफल रहे हैं। वास्तव में, एसआरएच की अब तक की सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारी मात्र 15 रन की है। हेड का प्रदर्शन नाटकीय रूप से खराब रहा है, उन्होंने 67, 47, 22, 4 और 8 रन बनाए हैं। अभिषेक भी निरंतरता के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उन्होंने पांच पारियों में केवल 24 रन बनाए हैं। ओपनर में नाबाद शतक के बाद किशन अपने आप में ही सिमट कर रह गए हैं, जबकि एसआरएच के मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज क्लासेन अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं। फिर भी, टीम अपने आक्रामक ब्लूप्रिंट पर टिके रहने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने पिछली हार के बाद दर्शन में बदलाव के बजाय बेहतर खेल जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। विटोरी ने कहा, मुझे लगता है कि हम जानते हैं कि यह शैली काम करेगी, लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा,और हमें वास्तव में अच्छी तरह से आकलन करना होगा और शायद यही कुछ ऐसा है जो हमने नहीं किया है। जबकि स्र्क्ष की खराब बल्लेबाजी लाइन-अप ने मैच के बाद चर्चाओं पर कब्जा कर लिया है, उनकी गेंदबाजी इकाई ने भी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

# मोहम्मद रिजवान की फिर हुई जगहंसाई

### मुंह से निकाली ऐसी बात कि कोई भी नहीं रोक पाया हंसी

**रावलपिंडी,11 अप्रैल 2025।** मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तानी टीम पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तानी टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी थी। इसके बाद न्यूजीलैंड दौरे पर वह वनडे सीरीज 0-3 से हार गई और क्लीन स्वीप का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद उनकी कप्तानी की खूब आलोचना हुई।

पाकिस्तान सुपर लीग 2025 से पहले कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुल्तान सुल्तान्स के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने एक पत्रकार ने सवाल पूछा कि रिजवान भाई बता दें कि आपकी कप्तानी में हमने काफी लर्न कर लिया है, तो क्या मुल्तान सुल्तान्स विन की तरफ जाएगी इस बार। इसके बाद वह कहते हैं कि हम तीनों इकट्ठे जवाब दे दें। इसके बाद वहां मौजूद सभी लोग जोर से हंस पड़ते हैं।



### बाबर आजम भी मुस्कराए

सोशल मीडिया पर मोहम्मद रिजवान का ये बयान भी खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि मेरे भाई देखें, रिजल्ट की परवाह नहीं की। रिजल्ट अल्लाह के हाथ में है और हमारे हाथ में जो भी चीज है। वह हमने किया है। अल्लाह रिजल्ट विन में देता या लर्न में देता है वह कोई मसला नहीं है। हमने सीखना है। उनके ऐसा कहने के बाद बाबर आजम भी हंसते हुए दिखाई देते हैं।

### रिजवान के बयान पर बने थे खूब मीम

पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान का ये बयान खूब वायरल हुआ,जब उन्होंने कहा था कि मैच में या तो विन है या लर्न है। मतलब या तो जीत है या फिर सीखना है। फिर जब पाकिस्तानी टीम को लगातार हार मिली, तो सभी ने माना कि पाकिस्तानी टीम सिर्फ सीख रही है। मैच जीत नहीं रही है। उनके बयान पर खूब मीम भी बने।

पीएसएल 2025 में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें लाहौर कलंदर्स,पेशावर जाल्मी, क्वेटा ग्लैडिएटर्स,मुल्तान सुल्तान्स, इस्लामाबाद यूनाइटेड और कराची किंग्स की टीमें शामिल हैं। पहली बार ऐसा हो रहा है कि पीएसएल और आईपीएल को साथ में करवाया जा रहा है।

# ऋतिक रोशन की फ्रेंचाइज़ी में वापसी करेंगी प्रियंका चोपड़ा



सालों के इंतजार के बाद, कुछ दिनों पहले कृष 4 की आधिकारिक घोषणा की गई और इस बार ऋतिक रोशन न केवल मुख्य भूमिका निभाएंगे, बल्कि उन्होंने फिल्म के लिए निर्देशक की भूमिका भी निभाई है। और अब,एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कृष 4 में प्रियंका चोपड़ा जोनास की वापसी भी होगी, जो कि फ्रैंचाइज़ में और यहां तक कि बॉलीवुड में भी वापसी करेगी। पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसी ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए साइन किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है, अभिनेत्री ऋतिक रोशन के फ्रैंचाइज़ को आगे बढ़ाने के विजन से अभिभूत थीं और उन्हें फिल्म के निर्देशन की चुनौतियों को संभालते हुए देखकर बेहद खुश थीं। कथित तौर पर कृष 4 की शूटिंग 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। प्रशंसकों ने खुशी मनाई क्योंकि ऋतिक और पीसी की सिल्वर स्क्रीन पर फिर से एक साथ आने की खबर वायरल हुई क्योंकि उनकी केमिस्ट्री कृष फ्रैंचाइज़ी की मुख्य विशेषताओं में से एक थी। दिलचस्प बात यह है कि प्यारा एलियन जादू भी कथित तौर पर कृष 4 में एक बार फिर ऋतिक से मिलने आएगा। 28 मार्च को, फिल्म निर्माता राकेश रोशन, जिन्होंने पहले कृष का निर्देशन किया था,ने आधिकारिक तौर पर अपने बेटे को कमान सौंप दी क्योंकि उन्होंने घोषणा की कि ऋतिक कृष 4 के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने लिखा, डुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के रूप में लॉन्च किया था, और आज 25 साल बाद फिर से तुम्हें दो फिल्म निर्माताओं आदित्य चोपड़ा और मेरे द्वारा हमारी सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म कृष 4 को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्देशक के रूप में लॉन्च किया जा रहा है। ऋतिक ने अभी तक कृष 4 और अपने निर्देशन की शुरुआत के बारे में खुलकर बात नहीं की है। प्रियंका की बात करें तो,अभिनेत्री एसएस राजामौली की अखिल भारतीय फिल्म के साथ भारतीय सिनेमा में अपनी वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका संभावित नाम एसएसएमबी29 है। इसमें महेश बाबू मुख्य भूमिका में हैं,और कलाकारों और क्रू को हाल ही में ओडिशा में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त देखा गया।



# कौन हैं पवन कल्याण की तीसरी पत्नी? रशियन होकर भी पहनती हैं सूट-साड़ी, कभी जीती थीं मॉडल वाली ग्लैमरस लाइफ

अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण एक्टिंग के साथ राजनीति में भी सफल हो गए हैं। एक्टर फिल्मों में अभिनय को जारी रखे हुए हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव जीत कर उप मुख्यमंत्री बने पवन कल्याण राजनीति को अपना पूरा वक्त दे रहे हैं, लेकिन इससे वक्त निकालकर वो अपने पैशन को भी फॉलो करते हैं। जन सेना पार्टी के बनाकर उन्होंने आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उनकी पार्टी का लोकसभा में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। एक्टर को इस जर्नी में उनकी पत्नी का पूरा साथ मिला। चुनाव के दौरान लगातार उनकी कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए। दोनों के बीच के तालमेल ने लोगों का दिल जीत लिया था। इतना ही नहीं ये बात भी लोगों को काफी इंप्रेस की कि उनकी पत्नी विदेशी होते हुए भारतीय रीति-रिवाजों का पूरा ख्याल रखती हैं।

### ऐसे हुआ प्यार

एक्टर की पत्नी का नाम अन्ना लेजनेवा और ये एक्टर की तीसरी पत्नी हैं। कहते हैं कि एक्टर के राजनीतिक सफर के दौरान अन्ना उनके साथ न सिर्फ फील्ड में उतरीं बल्कि इसके साथ ही उन्होंने अपना घर भी संभाला। अब सवाल ये आता है कि अन्ना लेजनेवा और पवन कैसे मिले, दोनों के बीच प्यार कैसे हुए और अन्ना करती क्या हैं? इन सभी सवालों का जवाब हम आपको देते हैं। अन्ना लेजेवा पेशे से एक रूसी मॉडल और अभिनेत्री थीं। उनकी मुलाकात पवन से साल 2011 में हुई थी। दोनों एक फिल्म तीन मां में साथ काम कर रहे थे। सेट पर हुई मुलाकात दोस्ती में बदल गई। दो साल तक दोनों ने एक दूसरे के प्यार डेटिंग के जरिए आजमाया और फिर सितंबर 2013 को शादी के बंधन में बंध गए। इसके बाद साल 2017 में बेटे मार्क शंकर पवनोविच को जन्म दिया। अन्ना की पहली शादी ज्यादा नहीं चल सकी थी और उससे पहले ही उनकी एक बेटी थी। एक्टर ने इस शादी के साथ ही उनकी बेटी को भी अपना लिया और अपने तीनों बच्चों के साथ उसे भी सगी बेटी की तरह ही पाल रहे हैं।

### बीच में उड़ी थीं ये अफवाहें

साल 2023 में ऐसी खबरें सामने आई थी कि अन्ना और पवन कल्याण के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये अफवाहें आग की तरह फैल गई थी। ये भी दावे किए जाने लगे कि दोनों एक साथ नहीं रहते हैं। ये बातें तब शुरू हुई जब वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी की सगाई समारोह में अन्ना लेजनेवा नहीं पवन के साथ नहीं पहुंचीं। इसके अलावा राम चरण और उपासना की बेटी क्लिन कारा कोनिडेला के नामकरण में भी वो नजर नहीं आईं। पवन अकेले ही आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इसी बीच ऐसी चर्चाएं भी उठी कि पवन कल्याण परिवार और भाई चिरंजीवी से कट गए हैं, लेकिन फिर चुनाव के दौरान ये बाते गलत साबित हो गईं। अन्ना पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी नजर आईं। इस दौरान चिरंजीवी और उनका परिवार भी भाई पवन के साथ दिखा। इससे ये साफ हो गया कि इनकी एकता में कोई कमी नहीं आई है और अनबन की खबरें सिर्फ अफवाह हैं।

### सादगी से रहती हैं अन्ना

वैसे अन्ना सादगी भरी जिंदगी जीती हैं। वो लाइमलाइट से दूर ही रहती हैं। एक दौर में ग्लैमरस मॉडल रही अन्ना अब सूट और साड़ियों में ही नजर आती हैं। बात की जाए पवन कल्याण की तो उन्हें पावर स्टार के रूप में जाना जाता है। साल 2013 से फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 सूची में वो शामिल रहे। साल 2017 में उन्होंने ठाना कि वो राजनीति में अपना हाथ आजमाएंगे और उन्होंने अपनी पार्टी का गठन किया। अभिनय से ब्रेक लेकर उन्होंने पूरा ध्यान राजनीति पर फोकस किया। फिल साल 2021 में चार साल के ब्रेक के बाद उन्होंने वकील साहब से कमाल का कमबैक किया। ये फिल्म 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

# दिसंबर तक लोगों को मिलेंगे आवास

- » डेप्युटी सीएम का सख्त निर्देश
- » फील्ड में उतरकर काम करें अधिकारी
- » डेप्युटी सीएम अरुण साव ने की समीक्षा बैठक
- » एक्शन-प्लान बनाकर अधूरे काम को पूरा करने का निर्देश
- » कहा- समय-सीमा में पूर्ण करें काम
- » नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक



**रायपुर,11अप्रैल2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के डेप्युटी सीएम और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में नगरीय निकायों में प्रगति एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साव ने समीक्षा बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है।

नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है। डेप्युटी सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिकारी फील्ड में जाएं और काम करें।

### किस बात पर नाराज हुए डेप्युटी सीएम

उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी (ष्टत्र) रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।

इसके लिए अब तक 30 नगरीय निकायों के लिए 474 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शहरी आवागमन को बेहतर बनाने स्थानीय सड़कों और फुटपाथों के निर्माण एवं स्थायी शहरी परिवहन के लिए एआई और आईओटी का उपयोग कर स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन के लिए आईटीएम जैसी सुविधाओं के विस्तार पर भी बैठक में चर्चा की गई।

## नगरीय प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि दिसंबर 2025 तक पूरे होंगे आवास के काम

नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत स्वीकृत दो लाख 49 हजार 166 आवासों में से अब तक दो लाख सात हजार 396 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अपूर्ण 41 हजार 770 आवासों को योजना की अवधि दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने के निर्देश सभी नगरीय निकायों को दिए गए हैं। राज्य शहरी विकास अभिकरण के माध्यम से मोर संगवारी योजनांतर्गत 1 मई 2022 से अप्रैल-2025 तक चार लाख 80 हजार नागरिकों को उनके आवास पर शासकीय दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं।

## नवा रायपुर में ई-ऑटो सेवा की शुरुआत



### सीएम विष्णुदेव साय ने लखपति दीदी योजना से 40 महिलाओं को दी आत्मनिर्भरता की सौगात

**रायपुर,11अप्रैल2025(ए)।** नवा रायपुर में आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पर्यावरण अनुकूल ई-ऑटो सेवा का भव्य शुभारंभ किया, जो छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण और हरित परिवहन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के सहयोग से शुरू इस सेवा का संचालन महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा।



## सीएम साय ने रखी प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट की रखी आधारशिला

**रायपुर,11अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का सीएम विष्णुदेव साय ने भूमिपूजन किया। इस दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी मौजूद रहे। 1143 करोड़ की लागत से बनने वाला यह प्लांट नवा रायपुर के सेक्टर 5 में यह प्लांट स्थापित होगा। इस अवसर पर सीएम साय ने कहा, आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है, प्रदेश के विकास में नया आयाम जुड़ रहा है।

## महत्वपूर्ण खबर

## पूर्व मंत्री कवासी लखमा को कोर्ट में किया पेश



### 14 दिन की न्यायिक रिमांड बढ़ी

**रायपुर,11अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को आज रायपुर की ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो) की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद लखमा को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजने का आदेश दिया। अब वे 25 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे।


## बेटे की अनोखी भक्ति,मां और चाची को 10 रुपये के सिक्कों से तौला,20 साल पुरानी मन्नत पूरी...



**जगदलपुर,11अप्रैल2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक बेटे ने अपनी मां और चाची के प्रति अपार श्रद्धा और प्रेम का अनोखा उदाहरण पेश किया है। विपिन शुक्ला ने 20 साल पहले आर्थिक तंगी के दौर में मांगी मन्नत को पूरा करते हुए अपनी मां और चाची को 10 रुपये के सिक्कों से तराजू में तौला। चाट के कारोबार में मिली सफलता के बाद विपिन ने इस वादे को निभाने के लिए कुल 1 लाख 55 हजार 800 रुपये के सिक्कों का उपयोग किया। यह भावपूर्ण आयोजन पूरे परिवार और रिश्तेदारों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। विपिन ने बताया कि उनकी मां और चाची ने जीवन के हर कदम पर उनका साथ दिया, और यह खास पल उनके सम्मान और प्रेम को समर्पित है। आयोजन के बाद विपिन ने एक और उदार निर्णय लिया कि इन सिक्कों को अपने सात भांजों के बीच बराबर बांट दिया जाएगा।

## 2 लाख इनामी सहित 3 माओवादी गिरफ्तार

### सुरक्षाबलों को मिली बड़ी सफलता




**सुकमा,11 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक इनामी समेत तीन सक्रिय नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार नक्सली इलाके में लंबे समय से अपहरण-हत्या जैसे मामलों में शामिल थे। इनमें से एक नक्सली पर 2 लाख रुपये का इनाम घोषित था। तीनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# एसीबी-ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार पर कसा शिकंजा

**वन कर्मियों और तेंदूपत्ता प्रबंधकों के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की दूसरे दिन भीताबड़तोड़ छापेमारी जारी...**








**सुकमा,11 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी मुहिम में एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीमों ने आज दूसरे दिन भी ताबड़तोड़ छापेमारी की। टीमों ने वन विभाग के कर्मचारियों और तेंदूपत्ता प्रबंधकों से जुड़े कुल आठ ठिकानों पर दबिश दी। यह कार्रवाई सुकमा,दोरनापाल और कोंटा समेत चार अलग-अलग स्थानों पर एक साथ अंजाम दी गई।गौरतलब है कि एक दिन पहले ही पूर्व विधायक मनीष कुंजाम सहित अन्य तेंदूपत्ता प्रबंधकों के लगभग बारह ठिकानों पर भी इसी मामले में कार्रवाई की गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई तेंदूपत्ता बोनस राशि में हुए कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में चल रही है। इस मामले में अब तक कई अहम खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। उधर, इसी मामले में वन विभाग के एक बड़े अधिकारी, डीएफओ अशोक पटेल को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की सख्त रुख को दर्शाती है। लगातार दूसरे दिन हो रही इस व्यापक छापेमारी से जिले के वन विभाग और तेंदूपत्ता प्रबंधन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जांच टीमें बारीकी से दस्तावेजों और अन्य सबूतों की पड़ताल कर रही हैं, ताकि इस कथित घोटाले की तह तक पहुंचा जा सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## स्वर्गीय गोविंदलाल वोरा की स्मृति में रायपुर प्रेस क्लब में लाइब्रेरी का उद्घाटन



**रायपुर,11अप्रैल2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता को नई दिशा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय गोविंदलाल वोरा की स्मृति में रायपुर प्रेस क्लब परिसर में एक आधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन 13 अप्रैल को शाम 5 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह,नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, वरिष्ठ पत्रकार उमेश द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।




## 2024 बैच के आईपीएस अफसरों को कैडर अलॉट,

### छत्तीसगढ़ की आईएएस की आईपीएस बेटी को मिला होम कैडर

**रायपुर,11अप्रैल 2025(ए)।** केंद्र सरकार ने 2024 बैच के 200 आईपीएस अफसरों को कैडर अलॉट कर दिया है, जिसमें छत्तीसगढ़ को 5 आईपीएस मिले हैं। छत्तीसगढ़ की अपूर्वा अग्रवाल और अनुषा पिल्ले को होम कैडर मिला है। इसके अलावा दिल्ली के यश केंवट, उत्तरप्रदेश के आदित्य कुमार और महाराष्ट्र के प्रतीक बंसोड़ दादा साहब को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। अनुषा पिल्ले छत्तीसगढ़ की आईएएस रेणु पिल्ले और रिटायर्ड आईपीएस संजय पिल्ले की बेटी हैं।

## बेकाबू बस ने युवक को बेरहमी से कुचला



**कोंडागांव,11अप्रैल 2025(ए)।** जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। ब्रेक फेल होने से तेज रफ्तार बस ने कोंडागांव में ट्रैफिक सिग्नल पर खड़ी बाइकों और पैदल यात्रियों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार बहुत ज्यादा थी और चालक ने ट्रैफिक सिग्नल की पूरी तरह अनदेखी की। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्ती में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रैफिक नियमों की कड़ी निगरानी हो और दोषी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए।




## बस ने बाइक सवार युवक को 20 मीटर तक घसीटा

**कांकेर,11अप्रैल 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। दरअसल नेशनल हाईवे-30 पर लखनपुरी के पास यात्री बस और बाइक के बीच भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां लापरवाही ने युवक की जिंदगी छीन ली। इस हादसे के बाद सड़क खून से सन गई। नेशनल हाईवे-30 पर लखनपुरी के पास बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सड़क की दूसरी तरफ सामने से आ रही यात्री बस से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बस के आगे के हिस्से में बुरी तरह घुस गई। घटनास्थल पर ही युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



## युवक ने फेंका बम और धमकी पत्र

**रायपुर,11अप्रैल 2025(ए)।** माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में बम फेंककर धमकी भरा लेटर जेल के अंदर फेंककर धमकी देने का मामला सामने आया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश विश्वकर्मा (19) को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक आरोपी ने फटाका दुकान में मिलने वाले बम संप्रेक्षण गृह के अंदर फेंका,हालांकि ये बम फटा नहीं।




## बीएससी की छात्रा ने की खुदकुशी,जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर,11 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नौनिहालों और युवाओं द्वारा खुदकुशी करने के बढ़ते मामलों ने समाज को गहरी चिंता में डाल दिया है। आए दिन ऐसी दिल दहलाने वाली खबरें सामने आ रही हैं, जो हर किसी को अंदर तक झकझोर कर रख देती हैं। इसी कड़ी में, न्यायधानी बिलासपुर से एक और दुखद खबर आई है। यहां सीपत थाना क्षेत्र के खाड़ा इलाके में एक बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जान ले ली। इस अप्रत्याशित घटना से पूरे परिवार में मातम पसर गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।



## 14 साल की बच्ची के साथ किया रेप

**बिलासपुर,11 अप्रैल 2025 (ए)।** बिलासपुर में एक महिला ने अपने नाबालिग बेटी के लव जिहाद के शिकार होने का आरोप लगाते हुए सिरगिट्टी थाने में शिकायत की है। महिला का आरोप है कि हार्दिक खान ने बेटी को 2-3 दिन से बंदी बनाकर रखा था और उसके दुष्कर्म किया। महिला अपनी बेटी के साथ थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना सिरगिट् टी थाना क्षेत्र की है। इधर, बजरंग दल ने भी युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाते हुए सिरगिटटी थाना प्रभारी से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## युवक को बीच चौराहे नग्न कर बेरहमी से पीटा

- » पानी के लिए गिड़गिड़ाता रहा लेकिन...
- » वीडियो हुआ वायरल, कानून व्यवस्था पर सवाल?




**जांजगीर चांपा,11 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले के मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली से इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक दलित युवक की बेरहमी से पिटाई की गई है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसे देख आपका भी दिल दहल जाएगा। यह पूरा मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा यह कि ग्राम बड़े रबेली में 9 अप्रैल की रात युवक गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा था,जहां आसपास के लोगों ने देख लिया और मारपीट की। ग्रामीणों और परिजनों ने युवक को रात भर पीटा है। इतना ही नहीं अगली सुबह उसे बीच चौराहे में ले गए और फिर नग्न कर मारा। पीड़ित युवक पानी के लिए गिड़गिड़ाता रहा, लेकिन किसी ने उसे पीने का पानी तक नहीं दिया। युवक को सिर, आंख और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे तत्काल रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय और समाज के लोगो मे काफी आक्रोश है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)